दैनिक
# मिशन नेशनल न्यूज
Mission of Truth
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े: www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-323 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार, बुधवार, 20 नवंबर 2024

## सीएम ने गैरसैंण के सारकोट गांव के विकास की करी घोषणा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

चमोली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सभी गांवों को आर्दश ग्राम बनने का प्रयास कर रहे हैं। इसी दिशा में राज्य सरकार की ओर से गांवों को मजबूत करने और पलायन रोकने के प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। कहा कि राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर जहां स्वरोजगार को बढावा दिया जा रहा है। वहीं युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए राज्य में कठोर नकल विरोधी कानून लागू करने के साथ ही पारदर्शी भर्ती परीक्षा की प्रणाली को विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय भ्रमण के दौरान ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के सारकोट गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री के सारकोट पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांव में पहुंचकर कोट भैरव मंदिर में पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। सारकोट गांव पहुंच कर मुख्यमंत्री ने शहीद वासुदेव सिंह के घर पर जाकर परिजनों से भी मुलाकात की। वहीं कार्यक्रम में दौरान मुख्यमंत्री ने सारकोट महिला मंगल दल को सांस्कृतिक सामग्री व अन्य सामना खरीदने के लिए एक लाख की धनराशि चौक के माध्यम से दी।




सारकोट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सभी गांवों को आर्दश ग्राम बनने का प्रयास कर रहे हैं। इसी दिशा में राज्य सरकार की ओर से गांवों को मजबूत करने और पलायन रोकने के प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। कहा कि राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर जहां स्वरोजगार को बढावा दिया जा रहा है। वहीं युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए राज्य में कठोर नकल विरोधी कानून लागू करने के साथ ही पारदर्शी भर्ती परीक्षा की प्रणाली को विकसित किया गया है। नकल विरोधी कानून के लागू होने के बाद वर्तमान तक १०० से अधिक नकल करवाने वालों को जेल में डाला गया है। जिसका प्रतिफल है कि वर्तमान तक 18 हजार ५०० युवा विभिन्न सरकारी सेवाओं में रोजगार पाकर राज्य के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के जहां प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देश पर बदरीनाथ धाम को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही बदरीनाथ धाम दिव्य और भव्य रूप में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गौचर हवाई पट्टी से हवाई जहाजों का संचालन करने को लेकर भी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही चौखुटिया में भी हवाई पट्टी निर्माण की संभावनाओं को लेकर कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में लोगों की बाहरी क्षेत्रों की आवाजाही सुगम हो सकेगी। कहा कि जल्द ही चमोली जनपद के लोगों को कर्ण प्रयाग से रेल की भी सुविधा मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा ही सरकार राज्य के विकास और संरक्षण के लिए जल्द भू कानून लाने का काम कर रही है। जिससे राज्यवासियों के अधिकारों का संरक्षण किया जा सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण सारकोट सड़क के डामरीकरण, सारकोट को आदर्श ग्राम बनाने, महिला मंगल दल को व स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग के लिए मशीनें उपलब्ध कराने और भराड़ीसैंण सारकोट सड़क का नाम शहीद वासुदेव सिंह के नाम पर करने की घोषणा भी की। जबकि मुख्यमंत्री की घोषणा से गांव के कोट भैरव मंदिर का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य भी किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के मौके पर स्थानीय महिलाओं की ओर से झुमैलो नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी झुमैलो नृत्य में प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भरूच में खड़े ट्रक से भिड़ी ईको कार, 6 की मौत, कार को कटर से काटकर निकालना पड़े शव

भरूच

भरूच के जंबूसर-आमोद रोड पर सोमवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। कार में कुल 10 लोग सवार थे इसमें दो बच्चों और दो महिलाओं सहित 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि 4 लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। शवों को निकालने के लिए कटर से कार को काटना पड़ा। मृतकों में सपनाबेन जयदेव गोहिल, जयदेव गोविंदभाई गोहिल, कीर्तिकाबेन अर्जुनसिंह गोहिल, हंसाबेन अरविंद जादव, संध्याबेन अरविंद जादव, विवेक गणपत परमार शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि यहां एक ईको कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई।

इस हादसे में 4 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा भरूच के जंबूसर-आमोद रोड पर सोमवार देर रात हुआ। टक्कर इतनी भयानक थी कि ईको कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा सीटों पर आज मतदान

मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा की सभी 288 और झारखंड में दूसरे फेज की 38 सीटों के साथ ही 4 राज्यों की 15 विधानसभा और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव होंगे। इन 15 में से 13 सीटों पर विधायकों के सांसद बनने, 1 के निधन और 1 के जेल जाने से ये सीटें खाली हुई हैं। इनमें 2 सीटें स्ट के लिए आरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश की सबसे ज्यादा 9 सीटों पर वोटिंग होनी है। महाराष्ट्र शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में टूट के बाद कुल 158 दल चुनाव मैदान में हैं। इनमें 6 बड़ी पार्टियां दो गठबंधनों का हिस्सा बनकर चुनाव लड़ रही हैं।

## पीएम मोदी और इटली की पीएम मेलोनी की मुलाकात वाली तस्वीर में दिखी दोनों देशों के रिश्तों की मिठास

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की मुलाकात ब्राजील में हुई। इस मुलाकात के बाद दोनों ने एक्स पर इसकी तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें दोनों मुस्कुराते हुए हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों से भारत और इटली के बेहतर संबंधों की मिठास की झलक दिखती है। इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी ने जो तस्वीर शेयर की है, उसमें दोनों नेता मुस्कुराते हुए गर्मजोशी से हैंडशेक करते नजर आ रहे हैं। इटली की पीएम मेलोनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर हमेशा बहुत खुशी होती है। भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और इटली और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी की जमकर तारीफ की। वहीं, पीएम मोदी ने भी कहा कि मेलोनी से मिलकर उन्हें भी खुशी हुई।

बता दें कि पीएम मोदी जी20 समिट के लिए अभी ब्राजील में हैं। इस दौरान पीएम मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की मुलाकात हुई। जी20 समिट के इतर पीएम मोदी और मेलोनी के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। पीएम मोदी और मेलोने दोनों ने एक्स पर इसकी तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें दोनों मुस्कुराते हुए हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं।पीएम मोदी ने मुलाकात के बाद एक्स पर मेलोनी संग अपनी तस्वीर शेयर कर लिखा, ह्यरियो डी जनेरियो जी20 समिट के मौके पर प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी में संबंधों को और मजबूत बनाने पर केंद्रित रही। हमने संस्कृति, शिक्षा और ऐसे ही दूसरे क्षेत्रों में सहयोग को कैसे बढ़ाया जाए, इस बारे में भी बात की। भारत-इटली दोस्ती एक बेहतर दुनिया बनाने में बड़ा योगदान दे सकती है। वहीं, इटली की पीएम मेलोनी ने भी पीएम मोदी को टैग कर लिखा, ह्यभारत के प्रधानमंत्री से मिलकर हमेशा बहुत खुशी होती है। हमारे बीच हुई बातचीत भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करता है। हमने व्यापार और निवेश, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नई और उभरती प्रौद्योगिकियां, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एक संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-29 की घोषणा की है। हमने दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं और नागरिकों के लाभ के लिए और लोकतंत्र, कानून के शासन और सतत विकास के साझा मूल्यों के समर्थन में द्विपक्षीय साझेदारी को और गहरा करने के लिए सहयोग जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है।

## बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तावड़े पर चुनाव आयोग ने दर्ज कराई एफआईआर

### पांच करोड़ रुपए बांटने का आरोप, वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन

मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में मतदान से एक दिन पहले पैसे बांटने को लेकर हंगामा हो गया है। यहां भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर मतदाताओं को पांच करोड़ रुपए बांटने का आरोप लगा है। आरोपों का वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने तावड़े पर एफआईआर दर्ज करवाई है। उनके अलावा बीजेपी उम्मीदवार राजन नाइक के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। हालांकि, तावड़े ने पैसे बांटने के आरोपों को गलत बताया है। मामले के अनुसार हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) ने आरोप लगाया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने वोटर्स को पैसे बांटें। बीवीए ने कहा- तावड़े मंगलवार को पांच करोड़ रुपए लेकर विरार इलाके की एक होटल पहुंचे। उनके साथ नालासोपारा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजन नाइक और दूसरे कार्यकर्ता भी थे। यहां उनकी मीटिंग चल रही थी। बीवीए के मुताबिक होटल में मतदाताओं को पैसे बांटे गए। जानकारी मिलने पर हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज ठाकुर भी होटल पहुंचे। दोनों पार्टियों के कार्यकताओं के बीच जमकर विवाद हुआ। क्षितिज ठाकुर नालासोपारा से पार्टी उम्मीदवार भी हैं। होटल के जो वीडियो सामने आए हैं, उसमें बीवीए कार्यकर्ता नोट लिए दिखाई दे रहे हैं। एक युवक के हाथ में एक डायरी है। आरोप है कि इसी डायरी में पैसों का लेखा-जोखा है। इस मामले में चुनाव आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विनोद तावड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए

तावड़े बोले- मैं कार्यकताओं की मीटिंग में गया था। खुद पर लगे पैसे बांटने के आरोप पर विनोद तावड़ ने कहा- नालासोपोरा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताओं की बैठक चल रही थी। चुनाव के दिन की आचार संहिता की 12 बातें बताने के लिए मैं वहां पहुंचा था। हमारी सामने वाली पार्टियों को लगा कि मैं वहां पैसे बांटने पहुंचा हूं। इन आरोप की चुनाव आयोग और पुलिस जांच करें। मैं 40 साल से पार्टी में हूं। सभी मुझे जानते हैं। मैं भी चाहता हूं कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

### आखिर सरकार का भ्रष्टाचार उजागर

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा- आखिर सरकार का भ्रष्टाचार उजागर हो गया। विरार के एक होटल में पैसे बांटते रंगे हाथ पकड़े गए बीजेपी के केंद्रीय महासचिव विनोद तावड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चुनाव आयोग को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए विनोद तावड़े के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हम मांग करते हैं कि लोकतंत्र में लोगों का विश्वास बनाए रखने और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना जरूरी है।

## इंदिरा गांधी की जयंती आज: पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि, राहुल गांधी ने तस्वीर जारी कर किया याद

नई दिल्ली

देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आज जयंती है। इस मौके पर पूरा देश उन्हे याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक पुरानी तस्वीर एक्स पर पोस्ट की है। इस तस्वीर में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इंदिरा गांधी की गोद में बैठे दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने भी इस मौके पर इंदिरा गांधी के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें साहस, शक्ति, समर्पण और संकल्प का प्रतीक बताया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के शक्ति स्थल पर जाकर इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। खरगे ने कहा, इंदिरा गांधी आजीवन संघर्ष और निस्वार्थ नेतृत्व की मिसाल थीं। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, करोड़ों भारतीय भारत की लौह महिला श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेते रहेंगे। इंदिरा गांधी आजीवन संघर्ष, साहस और गतिशील नेतृत्व की प्रतीक थीं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनकी जयंती पर हमारी विनम्र श्रद्धांजलि। इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उनकी समाधि स्थल शक्ति स्थल पर श्रद्धांजलि देने के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहुंचे और भूतपूर्व पीएम को नमन किया। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, साहस, शक्ति, समर्पण और संकल्प की पर्याय, भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर नमन। इंदिरा गांधी शक्ति और लचीलेपन का प्रतीक थीं। उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बाधाओं को तोड़ा और भारत के भविष्य को आकार दिया। हम इंदिरा गांधी को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण लाखों लोगों को प्रेरित करता है।

राहुल गांधी ने अपनी दादी इंदिरा गांधी को याद करते हुए एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वे और प्रियंका गांधी वाड्रा उनकी गोद में हैं। राहुल ने कहा, दादी हिम्मत और मोहब्बत दोनों की मिसाल थीं। उन्होंने मुझे सिखाया कि देशहित के रास्ते पर निडर होकर चलते रहना असली ताकत है। उनकी यादें हमेशा मेरी प्रेरणा रहेंगी।प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी दादी को याद करते हुए आदिवासी समाज और पिछड़े वर्गों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में आदिवासी समाज की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए और उनकी संस्कृति का संरक्षण सुनिश्चित किया। कांग्रेस अब जाति आधारित जनगणना और आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग करके उनकी नीतियों को आगे बढ़ा रही है।

### बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव तावड़े पर चुनाव आयोग ने दर्ज कराई एफआईआर

मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में मतदान से एक दिन पहले पैसे बांटने को लेकर हंगामा हो गया है। यहां भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर मतदाताओं को पांच करोड़ रुपए बांटने का आरोप लगा है। आरोपों का वीडियो वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने तावड़े पर एफआईआर दर्ज करवाई है। उनके अलावा बीजेपी उम्मीदवार राजन नाइक के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। हालांकि, तावड़े ने पैसे बांटने के आरोपों को गलत बताया है। मामले के अनुसार हितेंद्र ठाकुर की बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) ने आरोप लगाया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने वोटर्स को पैसे बांटें। बीवीए ने कहा- तावड़े मंगलवार को पांच करोड़ रुपए लेकर विरार इलाके की एक होटल पहुंचे। उनके साथ नालासोपारा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजन नाइक और दूसरे कार्यकर्ता भी थे। यहां उनकी मीटिंग चल रही थी। बीवीए के मुताबिक होटल में मतदाताओं को पैसे बांटे गए। जानकारी मिलने पर हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज ठाकुर भी होटल पहुंचे। दोनों पार्टियों के कार्यकताओं के बीच जमकर विवाद हुआ। क्षितिज ठाकुर नालासोपारा से पार्टी उम्मीदवार भी हैं। होटल के जो वीडियो सामने आए हैं, उसमें बीवीए कार्यकर्ता नोट लिए दिखाई दे रहे हैं। एक युवक के हाथ में एक डायरी है। आरोप है कि इसी डायरी में पैसों का लेखा-जोखा है। इस मामले में चुनाव आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत विनोद तावड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। तावड़े बोले- मैं कार्यकताओं की मीटिंग में गया था। खुद पर लगे पैसे बांटने के आरोप पर विनोद तावड़ ने कहा- नालासोपोरा विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताओं की बैठक चल रही थी। चुनाव के दिन की आचार संहिता की 12 बातें बताने के लिए मैं वहां पहुंचा था।

## संपादकीय

### क्यों जल रहा मणिपुर?

मणिपुर बीते 565 दिनों से सुलग और जल रहा है। अब हिंसा और विद्रोह थम नहीं पा रहे हैं। गुस्सा और आक्रोश इस पराकाष्ठा तक पहुंच चुके हैं कि पहली बार मंत्रियों और विधायकों के आवास बड़े स्तर पर निशाने पर हैं। रविवार को एक भाजपा विधायक का घर फूंक दिया गया। भाजपा-कांग्रेस के दफ्तरों में तोड़-फोड़ की जा रही है। तीन मंत्रियों सहित 9 विधायकों के घरों पर हमले किए जा चुके हैं। बीते शनिवार को गुस्साई भीड़ ने एनपीपी विधायक रामेश्वर सिंह को घर से निकाल कर खूब पीटा। त्वरित प्रतिक्रिया में एनपीपी ने बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया। पार्टी के 7 विधायक हैं। समर्थन वापसी का पत्र भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी भेज दिया गया है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी सरकार से समर्थन खींच लिया है। कुकी समुदाय के 7 विधायक मई, 2023 से ही राज्य की भाजपा सरकार से अलग हैं। कुल 17 विधायकों के समर्थन वापस लेने के बावजूद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की सरकार अल्पमत में नहीं है, क्योंकि 60 के सदन में सरकार को कुल 52 विधायकों का समर्थन हासिल था। बुनियादी मुद्दा बहुमत या अल्पमत का नहीं है। अलबत्ता मणिपुर के हालात ने सरकार के भीतर ही विद्रोह सुलगा दिया है। बताया जाता है कि स्पीकर सहित 14 भाजपा और 5 अन्य विधायकों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री बदलने की मांग की है। यदि प्रधानमंत्री ने यथासमय निर्णय नहीं लिया, तो सदन में "अविश्वास मत" की नौबत आ सकती है। यदि भाजपा के विद्रोही विधायक अपनी मांग पर अड़े रहे, तो सरकार अल्पमत में आ सकती है। बहरहाल सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार मणिपुर को शांत, स्थिर करने की पक्षधर नहीं है अथवा वह विस्फोटक हालात को नियंत्रित करने में अक्षम, नाकाम है? ताजा घटनाक्रम जलने लगा, तो गृहमंत्री अमित शाह ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के संग बैठकें कीं। कुछ विद्रोही विधायकों से फोन पर बातचीत भी की गई। अंततः सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को मणिपुर भेजा गया है। सेना और असम राइफल्स के हजारों जवान तैनात हैं और हालात से जूझ रहे हैं। मणिपुर में "अफस्पा" लागू है, हालांकि मणिपुर अखंडता की समन्वय समिति इसे हटाने का बार-बार आग्रह कर रही है। हालात ऐसे हैं कि महिलाओं और बच्चों की भी हत्याएं की गई हैं, क्योंकि उनके शव मिले हैं। उसके बाद ही ताजा तनाव फैला है और हिंसा बढ़ी है। इंफाल घाटी में कर्फ्यू लगा है। इंटरनेट और मोबाइल डाटा सेवाएं फिलहाल निलंबित हैं। मुद्दा मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय तनाव का है। यह कैसा मसला है, जिसे भारत सरकार सुलझा नहीं पा रही है?

संसद के भीतर और बाहर लगातार सवाल किए जाते रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी एक बार भी मणिपुर क्यों नहीं गए? क्या वह भारत गणराज्य का हिस्सा नहीं है? डबल इंजन की सरकार है, लेकिन न तो मणिपुर एक है और न ही वहां की जनता सेफ है! मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के खिलाफ मुद्दत से असंतोष और विद्रोह देखा जा रहा है, फिर भी उन्हें बरकरार रखने का मोह क्या है? वैसे यह राजनीतिक मसला भी नहीं है। दोनों समुदाय "जनजातीय दर्जा" हासिल करने को संघर्ष कर रहे हैं। क्या प्रधानमंत्री यह समस्या भी सुलझा नहीं सकते? ये हालात मणिपुर में उग्रवाद की नई लहर पैदा कर सकते हैं। मोदी सरकार आतंकवाद या उग्रवाद अथवा नक्सलवाद को कुचलने के दावे करती रही है, लेकिन मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का आवास भी घेरा जाए या हमले की नौबत आ जाए और सुरक्षा बढ़ानी पड़े, तो क्या उन्हें सामान्य हालात कहेंगे? मैतेई समुदाय का आरोप है कि उग्रवादियों ने अपहरण कर उसके लोगों की हत्या की है, जिनके शव मिलने के बाद हालात उग्र हुए थे। बहरहाल मणिपुर में विधायकों के घरों पर हमला करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया है, दूसरी ओर कुकी समुदाय जिद पर अड़ा है कि जब तक मुठभेड़ में मारे गए उसके युवकों की पोस्टमॉर्टम रपट नहीं मिलेगी, तब तक उनका अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। कुल मिला कर मणिपुर में हालात अराजक हैं, हिंसा और हत्याओं का दौर है, क्या लोकतंत्र में ऐसा ही होता है? क्या प्रधानमंत्री के स्तर पर एक जनजातीय दर्जे का मसला हल नहीं किया जा सकता?

## (चिंतन-मनन)

### कुसंग का फल

प्रतिदिन कुछ बगुले आकर एक किसान के खेत की फसल बर्बाद कर जाया करते थे। इसे देखकर किसान ने उन बगुलों को पकड़ने के लिए खेत में जाल बिछा कर रख दिया। बाद में उसने जाकर देखा तो बहुत से बगुले उसके जाल में फंसे हुए थे और उनके साथ ही एक सारस भी फंसा हुआ था।

सारस ने किसान से कहा, "भाई किसान, मैं बगुला नहीं हूं। मैंने तुम्हारी फसल बर्बाद नहीं की है। मुझे छोड़ दो। तुम विचार करके देखो कि मेरी कोई गलती नहीं है।

जितने भी पक्षी हैं, मैं उन सबकी अपेक्षा अधिक धर्म परायण हूं। मैं कभी किसी को नुक्सान नहीं पहुंचाता। मैं अपने वृद्ध माता-पिता का अतीव सम्मान करता हूं और विभिन्न स्थानों में जाकर प्राण-प्रण से उनका पालन-पोषण करता हूं।

इस पर किसान बोला, सुनो सारस, तुमने जो बातें कहीं, वे सब ठीक हैं, उन पर मुझे जरा भी संदेह नहीं है। परन्तु चूंकि तुम फसल बर्बाद करने वालों के साथ पकड़े गए हो इसलिए तुम्हें भी उन्हीं के साथ सजा भोगनी होगी क्योंकि कुसंग का फल बुरा होता है

# बुलडोजर न्यायः प्रशासनिक दक्षता और संवैधानिक अधिकारों के बीच टकराव

हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत संपत्ति के विध्वंस के लिए दिशा-निर्देश स्थापित किए, जिसमें व्यक्तिगत नोटिस जारी करना और अपील के लिए पर्याप्त समय प्रदान करना अनिवार्य किया गया। न्यायालय ने बुलडोजर न्याय के मुद्दे पर प्रकाश डाला, तथा अपने हालिया निर्णय में इसे कानून के शासन के अंतर्गत अस्वीकार्य माना। संपत्ति और विध्वंस अधिकारों पर नागरिकों को शिक्षित करने से समुदायों को अवैध कार्यों का विरोध करने और उचित प्रक्रिया की मांग करने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र में स्थानीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा की गई पहल कानूनी परामर्श प्रदान करती है, जिससे परिवार अनुचित विध्वंस का विरोध कर सकते हैं। जवाबदेही ढांचे को लागू करने से यह सुनिश्चित होता है कि उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने वाले अधिकारियों को ज़िम्मेदार ठहराया जाए, जिससे शासन में विश्वास बढ़ता है। विध्वंस की निगरानी के लिए लोकपाल की स्थापना से दुरुपयोग को रोका जा सकता है और निष्पक्षता को बढ़ावा मिल सकता है...

**–डॉ. सत्यवान सौरभ–**

बुलडोजर न्याय अक्सर उचित नोटिस या बचाव का मौका जैसी कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार कर देता है, जो संविधान में निहित निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को चुनौती देता है। हाल ही में हुए विध्वंस में, परिवारों को न्यूनतम नोटिस दिया गया, जो अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है। यह प्रथा निर्दोषता की धारणा का खंडन करती है, जहाँ व्यक्तियों को बिना किसी परीक्षण या दोषसिद्धि के दोषी माना जाता है, जो कानून के शासन का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश में, बिना किसी ठोस सबूत के केवल आरोपों के आधार पर संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया, सबूत के कानूनी मानकों की अवहेलना की गई। विध्वंस न केवल अभियुक्तों पर बल्कि परिवारों और समुदायों पर भी प्रभाव डालता है, जो सामूहिक दंड के विरुद्ध सिद्धांत का उल्लंघन करता है। मध्य प्रदेश में, एक सदस्य की कथित संलिप्तता के कारण विध्वंस ने परिवारों को बेघर कर दिया, जिससे निर्दोष आश्रित प्रभावित हुए। बुलडोजर न्याय कार्यकारी और न्यायिक भूमिकाओं को धुंधला कर देता है, क्योंकि प्रशासनिक निकाय अनुच्छेद 50 का उल्लंघन करने वाले न्यायालयों के लिए दंड निष्पादित करते हैं। न्यायालय के निदेशों के बिना संपत्तियों को ध्वस्त करना अधिकारियों को उनके दायरे से बाहर काम करते हुए दिखाता है, जो न्यायपालिका की भूमिका का उल्लंघन करता है।

जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने उजागर किया है, उचित नोटिस या सुनवाई का अभाव प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जिससे उन्हें बचाव का कोई अवसर नहीं मिलता। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और अतिक्रमणों पर त्वरित कार्यवाही को बनाए रखता है। अनधिकृत संरचनाओं के त्वरित विध्वंस से शहरी विकास में देरी खत्म होती है और भूमि प्रबंधन प्रक्रियाएँ सुव्यवस्थित होती हैं। दिल्ली (2023) में, जहाँगीरपुरी जैसे क्षेत्रों में विध्वंस अभियान का उद्देश्य अवैध निर्माण की रिपोर्ट सामने आने के बाद सार्वजनिक स्थानों को जल्दी से पुनः प्राप्त करना था, जिससे शहरी विकास परियोजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। अवैध निर्माण के तत्काल परिणाम एक शक्तिशाली चेतावनी के रूप में कार्य करते हैं, जो भविष्य में उल्लंघन को हतोत्साहित करते हैं। अतिक्रमित क्षेत्रों का तेजी से पुनर्ग्रहण उनके उचित उपयोग को सुनिश्चित करता है, जिससे बेहतर शहरी शासन और सार्वजनिक उपयोगिता में योगदान मिलता है। निर्णायक कार्यवाही राज्य की कानूनों को बनाए रखने की क्षमता को मजबूत करती है, जिससे शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है। लंबे समय तक चलने वाली कानूनी और नौकरशाही देरी को दरकिनार करके, यह लागत को कम करता है और भूमि विवादों के समाधान में तेजी लाता है। दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन (2023) की तैयारियों के दौरान, क्षेत्र को सुंदर बनाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रमुख स्थलों के पास से अतिक्रमण को तेजी से हटाया गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए प्रभावी संसाधन प्रबंधन का प्रदर्शन हुआ। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघनः उचित प्रक्रिया के बिना तोड़फोड़ अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करती है, जो आश्रय के अधिकार सहित जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है। ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि आवास अधिकार जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग हैं, हाल ही में हुई तोड़फोड़ में इस सिद्धांत का उल्लंघन किया गया। विध्वंस नीतियों को लागू करने में एकरूपता की कमी प्रक्रियात्मक मनमानी को जन्म देती है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है। पूजा स्थलों या सांस्कृतिक महत्त्व के स्थलों को नष्ट करना, धर्म का पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन कर सकता है (अनुच्छेद 25-30)। कानूनी नोटिस या सुनवाई के बिना मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस व्यक्ति के संपत्ति रखने और उसका आनंद लेने के अधिकार को कमजोर करते हैं। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को कानून के अधिकार के अलावा उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा। कार्यकताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ दंडात्मक उपायों के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर विध्वंस अभियान असहमति पर भयावह प्रभाव डालते हैं। संपत्ति और विध्वंस अधिकारों पर नागरिकों को शिक्षित करने से समुदायों को अवैध कार्यों का विरोध करने और उचित प्रक्रिया की मांग करने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र में स्थानीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा की गई पहल कानूनी परामर्श प्रदान करती है, जिससे परिवार अनुचित विध्वंस का विरोध कर सकते हैं। जवाबदेही ढांचे को लागू करने से यह सुनिश्चित होता है कि उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने वाले अधिकारियों को ज़िम्मेदार ठहराया जाए, जिससे शासन में विश्वास बढ़ता है। विध्वंस की निगरानी के लिए लोकपाल की स्थापना से दुरुपयोग को रोका जा सकता है और निष्पक्षता को बढ़ावा मिल सकता है। पूर्व सूचना, न्यायिक समीक्षा और अपील समय के लिए प्रोटोकॉल विकसित करना नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। 15-दिन की नोटिस अवधि को अनिवार्य करने वाले सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं और मनमाने ढंग से किए जाने वाले विध्वंस से बचाते हैं। प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास या मुआवजा प्रदान करना प्रशासनिक कार्यों को सामाजिक न्याय सिद्धांतों के साथ जोड़ता है। दिल्ली में, अतिक्रमण हटाने के दौरान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास ने आश्रय के अधिकारों को बरकरार रखा। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विध्वंस की निगरानी भेदभाव सम्बंधी चिंताओं को दूर करती है और वैध, न्यायसंगत कार्यवाही को लागू करती है। यूपी में स्वतंत्र ऑडिट टीमें कानूनी दिशानिर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करने और पक्षपातपूर्ण लक्ष्यीकरण को रोकने के लिए विध्वंस का आकलन करती हैं। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और संवैधानिक अधिकारों के बीच जटिल संतुलन को उजागर करता है। कानूनी सुरक्षा, पारदर्शी प्रोटोकॉल और जवाबदेही सुनिश्चित कर-के, भारत ऐसे शासन को बढ़ावा दे सकता है जो कानून के शासन और मानव गरिमा का सम्मान करता हो, लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ संरेखित हो और प्रभावी प्रशासन को सक्षम बनाता हो।

# प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत को नजरअंदाज न करें

**–डॉ. सत्यवान सौरभ–**

सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का बड़ा निचोड़ यह है कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का कोई उल्लंखन न करे। इस फैसले से साफ हो गया है कि बुलडोजर न्याय अकसर उचित नोटिस या बचाव का मौका जैसी कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार कर देता है, जो संविधान में निहित निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को चुनौती देता है। हाल ही में हुए विध्वंस में, परिवारों को न्यूनतम नोटिस दिया गया, जो अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है। यह प्रथा निर्दोषता की धारणा का खंडन करती है, जहां व्यक्तियों को बिना किसी परीक्षण या दोषसिद्धि के दोषी माना जाता है, जो कानून के शासन का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश में, बिना किसी ठोस सबूत के केवल आरोपों के आधार पर संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया, सबूत के कानूनी मानकों की अवहेलना की गई। विध्वंस न केवल अभियुक्तों पर बल्कि परिवारों और समुदायों पर भी प्रभाव डालता है, जो सामूहिक दंड के विरुद्ध सिद्धांत का उल्लंघन करता है। मध्य प्रदेश में, एक सदस्य की कथित संलिप्तता के कारण विध्वंस ने परिवारों को बेघर कर दिया, जिससे निर्दोष आश्रित प्रभावित हुए। बुलडोजर न्याय कार्यकारी और न्यायिक भूमिकाओं को धुंधला कर देता है, क्योंकि प्रशासनिक निकाय अनुच्छेद 50 का उल्लंघन करने वाले न्यायालयों के लिए दंड निष्पादित करते हैं।

न्यायालय के निदेशों के बिना संपत्तियों को ध्वस्त करना अधिकारियों को उनके दायरे से बाहर काम करते हुए दिखाता है, जो न्यायपालिका की भूमिका का उल्लंघन करता है। जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने उजागर किया है, उचित नोटिस या सुनवाई का अभाव प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जिससे उन्हें बचाव का कोई अवसर नहीं मिलता। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और अतिक्रमणों पर त्वरित कार्यवाही को बनाए रखता है। अनधिकृत संरचनाओं के त्वरित विध्वंस से शहरी विकास में देरी खत्म होती है और भूमि प्रबंधन प्रक्रिया सुव्यवस्थित होती हैं। दिल्ली (2023) में, जहांगीरपुरी जैसे क्षेत्रों में विध्वंस अभियान का उद्देश्य अवैध निर्माण की रिपोर्ट सामने आने के बाद सार्वजनिक स्थानों को जल्दी से पुनः प्राप्त करना था, जिससे शहरी विकास परियोजनाओं का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। अवैध निर्माण के तत्काल परिणाम एक शक्तिशाली चेतावनी के रूप में कार्य करते हैं, जो भविष्य में उल्लंघन को हतोत्साहित करते हैं। अतिक्रमित क्षेत्रों का तेजी से पुनर्ग्रहण उनके उचित उपयोग को सुनिश्चित करता है, जिससे बेहतर शहरी शासन और सार्वजनिक उपयोगिता में योगदान मिलता है। निर्णायक कार्यवाही राज्य की कानूनों को बनाए रखने की क्षमता को मजबूत करती है, जिससे शासन में जनता का विश्वास बढ़ता है।

लंबे समय तक चलने वाली कानूनी और नौकरशाही देरी को दरकिनार करके, यह लागत को कम करता है और भूमि विवादों के समाधान में तेजी लाता है। दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन (2023) की तैयारियों के दौरान, क्षेत्र को सुंदर बनाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रमुख स्थलों के पास से अतिक्रमण को तेजी से हटाया गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए प्रभावी संसाधन प्रबंधन का प्रदर्शन हुआ। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघनः उचित प्रक्रिया के बिना तोड़फोड़ अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करती है, जो आश्रय के अधिकार सहित जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है। ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि आवास अधिकार जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग हैं, हाल ही में हुई तोड़फोड़ में इस सिद्धांत का उल्लंघन किया गया। विध्वंस नीतियों को लागू करने में एकरूपता की कमी प्रक्रियात्मक मनमानी को जन्म देती है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है। पूजा स्थलों या सांस्कृतिक महत्त्व के स्थलों को नष्ट करना, धर्म का पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन कर सकता है (अनुच्छेद 25-30)। कानूनी नोटिस या सुनवाई के बिना मनमाने ढंग से किए गए विध्वंस व्यक्ति के संपत्ति रखने और उसका आनंद लेने के अधिकार को कमजोर करते हैं। संविधान में यह अनिवार्य किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को कानून के अधिकार के अलावा उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा। कार्यकताओं, पत्रकारों आदि के खिलाफ दंडात्मक उपायों के रूप में इस्तेमाल किए जाने पर विध्वंस अभियान असहमति पर भयावह प्रभाव डालते हैं। संपत्ति और विध्वंस अधिकारों पर नागरिकों को शिक्षित करने से समुदायों को अवैध कार्यों का विरोध करने और उचित प्रक्रिया की मांग करने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र में स्थानीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा की गई पहल कानूनी परामर्श प्रदान करती है, जिससे परिवार अनुचित विध्वंस का विरोध कर सकते हैं। जवाबदेही ढांचे को लागू करने से यह सुनिश्चित होता है कि उचित प्रक्रिया को दरकिनार करने वाले अधिकारियों को ज़िम्मेदार ठहराया जाए, जिससे शासन में विश्वास बढ़ता है। विध्वंस की निगरानी के लिए लोकपाल की स्थापना से दुरुपयोग को रोका जा सकता है और निष्पक्षता को बढ़ावा मिल सकता है। पूर्व सूचना, न्यायिक समीक्षा और अपील समय के लिए प्रोटोकॉल विकसित करना नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। 15-दिन की नोटिस अवधि को अनिवार्य करने वाले सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं और मनमाने ढंग से किए जाने वाले विध्वंस से बचाते हैं।

प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक आवास या मुआवजा प्रदान करना प्रशासनिक कार्यों को सामाजिक न्याय सिद्धांतों के साथ जोड़ता है। दिल्ली में, अतिक्रमण हटाने के दौरान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास ने आश्रय के अधिकारों को बरकरार रखा। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विध्वंस की निगरानी भेदभाव सम्बंधी चिंताओं को दूर करती है और वैध, न्यायसंगत कार्यवाही को लागू करती है। यूपी में स्वतंत्र ऑडिट टीमें कानूनी दिशानिर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करने और पक्षपातपूर्ण लक्ष्यीकरण को रोकने के लिए विध्वंस का आकलन करती हैं। बुलडोजर न्याय प्रशासनिक दक्षता और संवैधानिक अधिकारों के बीच जटिल संतुलन को उजागर करता है। कानूनी सुरक्षा, पारदर्शी प्रोटोकॉल और जवाबदेही सुनिश्चित करके, भारत ऐसे शासन को बढ़ावा दे सकता है जो कानून के शासन और मानव गरिमा का सम्मान करता हो, लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ संरेखित हो और प्रभावी प्रशासन को सक्षम बनाता हो।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# अब कनाड़ा में खालिस्तान बनने की प्रक्रिया शुरू

**–अशोक मधुप–**

अभी कुछ माह पूर्व 25 मई को हमने अपने लेख में कहा था कि कनाडा में खालिस्ता्न समर्थकों की गतिविधि को भारत नजर अंदाज करता रहे। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को खालिस्तायनियों का समर्थन करने दे, जल्दी ही खालिस्ता न कनाडा में बने। भारत में नही। ऐसा होता अब नजर आने लगा है। खालिस्तारनी वहां मांग करने लगे हैं कि कनाडा हमारा है। बाकी दुनिया भर के लोग अपने-अपने देश वापस जांए।

कनाडा में निकाले गए एक "नगर कीर्तन" के दो मिनट के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थकों ने कनाडाई लोगों को "घुसपैठिया" कहा। उन्हें "इंग्लैंड और यूरोप वापस जाने" के लिए कहा। वीडियो में जुलूस में शामिल लोगों को यह कहते हुए सुना जा सकता है। "यह कनाडा है, हमारा अपना देश। तुम कनाडाई वापस जाओ."। भारतीय खुफिया सूत्रों ने इस घटना को कनाडा में नॉर्मल करार दिया। कहा कि खालिस्तानी धीरे-धीरे देश के सभी पहलुओं पर "कब्जा" कर रहे हैं। ठीक से निगरानी न होने की वजह से ये खालिस्तानी समूह स्थानीय कनाडाई लोगों से भी नियंत्रण छीन रहे हैं। हिंदुओं से सुरक्षा के लिए पैसे मांगे जा रहे हैं और अब उनकी कॉलोनियों में स्थानीय लोगों को खतरा हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर सत्ताड संभालने के बाद से पूरी तरह मेहरबान है। भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नही कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। हमने पहले लेख में कहा था भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें। हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें। कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा। हमारा पहला कथन अब सही होता दीखने लगा है। कुछ समय ऐसा ही होता रहा तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के लिए ही सिर दर्द बनेंगे। कनाडा. ने सख्ती् की तो ये उसके खिलाफ विद्रोह पर उतर आएंगे।

आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे। परिणाम स्वरूप पंजाब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा, अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय हुए । कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा। बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी केही दो सिख सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है। कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है।

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश की। इसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालाकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे। इस विमान हादसे में कुछ तो पूरे परिवार ही खत्म हो गए। अगर पियरे ट्रूडो ने तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का इंदिरा गांधी का अनुरोध मान लिया होता, तो कनिष्क विमान में विस्फोट नहीं हुआ होता। भारतीय-कनाडाई राजनीति के जानकार मानने लगे हैं कि जो गलती पियरे ट्रूडो ने तब की थी, वहीं उनके बेटे जस्टिन ट्रूडो भी आज कर रहे हैं। अपनी सरकार चलाने के लिए कनाडा में खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखकर वही गलती कर रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर कनाडा में पल रहे खालिस्तानी समर्थकों को हवा दे दी है। प्रधानमंत्री के इन आरोपों के बाद कनाडा के अलग-अलग राज्यों में खालिस्तान समर्थकों ने ऐसी साजिश रचनी शुरू कर दी, जिससे वहां रह रहे न सिर्फ भारतीयों बल्कि डिप्लोमेट्स और भारतीय दूतावास के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है बल्कि कनाडा में बसे भारतीय हिंदुओं को भी खतरा बनेगा। रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि कनाडा की जमीन पर पहले से ही खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की सरकार प्रश्रय देती आई है। यही वजह है कि कनाडा सरकार के समर्थन के चलते भारत विरोधी गतिविधियां इस देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार चलती रहती हैं। बीते कुछ समय में खालिस्तान जनमत संग्रह के नाम पर कनाडा की सरकार न सिर्फ इन भारत विरोधी खालिस्तानियों को सुरक्षा मुहैया कराती आई है बल्कि कार्यक्रम स्थलों की भी उपलब्ध करवाती आई है।

पिछले दिनों एक शोभा यात्रा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरागांधी की हत्या की झांकी निकालना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। जानकारों का मानना है कि जिस तरीके से कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाया है उसका असर अगले कुछ दिनों में ही बहुत तेजी से दिखना शुरू हो सकता है।

कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद के हालात में क्रम में सिख फॉर जस्टिस (रत्र्रख) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से हिंदू समुदाय को धमकी दी गई है। एसएफजे के पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को धमकी दी है। पन्नू ने उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। जो पन्नू ने कनाड़ा के हिंदुओं से कहा है, ऐसा ही कभी पंजाब में आंतकवाद की शुरूआत में हिंदुओं से कहा गया था। उसके बाद उनपर हमले शुरू हो गए थे। कनाडा में धमकी से पहले ही हिंदुओं पर हमले होने लगे हैं।

इन धमकियों को लेकर कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि कनाडा में खालिस्तानी समूहों से बढ़ते खतरों के मद्देनजर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय भयभीत है। कनाडा में हिंदू लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। दरअस्ल कनाडा में खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान पाल रहा है। कनाड़ा इन्हें प्रश्रय दे रहा है। अमेरिका आज के हालात में भारत का विरोध नही कर पा रहा किंतु इस मामले में उसका भी रवैया ठीक नही है। कनाडा के हिंदुओं को धमकी देने वाला सिख फॉर जस्टिस (रत्र्रख) का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू कनेडा और अमेरिकी नागरिक है। पन्नू भारत का फरार और इनामी आंतकी है। इसके बावजूद वह अमेरिका में सरे आम रह रहा है।

भारत को चाहिए कि वह भारत में खालिस्तान समर्थकों के प्रति सख्ती जारी रहे। कनाडा में भारत के खिलाफ कार्रवाई करने वालों पर मुकदमें दर्ज करने के साथ उनके आईओसी कार्ड जब्त करता रहे। इनकी भारत की संपत्ति भी कब्जे में ले। आज कनाडा जो कर रहा है, कल उसके ही सामने आएगा। खालिस्तान समर्थक वहां रहने वाले हिंदू और अन्यक कनाडा निवासियों पर हमले करेंगे। कानून व्यवस्था कनाडा की खराब होगी। मजबूरन जब कनाडा सरकार सख्ती करेगी तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के निवासी भिंडरावाला की तरह उसी के सामने संकट खड़ा करेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## 40 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति के कुशल नेतृत्व में माननीय हरीद्वार विधायक मदन कौशिक के कार्यालय पर आज एक बैठक संपन्न हुई



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार**/आल इंडिया ब्राह्मण फैडरेशन के 40 वें स्थापना दिवस के अवसर पर ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति के कुशल नेतृत्व में माननीय हरीद्वार विधायक मदन कौशिक के कार्यालय पर आज एक बैठक संपन्न हुई जिसमें श्रीमति अनामिका शर्मा ने कहा कि, ब्राह्मण समाज की मातृ शक्ति के माध्यम से समस्त विश्व में भारतीय सभ्यता और संस्कृति को वर्चस्व प्राप्त हुआ है। जिसमे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार हुआ है और नारी शक्ति अपना यथोचित भूमिका विश्व, राष्ट्र और समाज के उत्तरोत्तर उत्थान में लगा रहीं हैं। इस अवसर पर पार्षद सपना शर्मा ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी महिलाओ से अधिकतम संख्या में प्रतिभाग करने का निवेदन किया। रंजिता झा ने भी अपनी सहमति व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय हरीद्वार विधायक मदन कौशिक जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज को सुदृढ़ता मिलती है और हमारा देश महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा साथ ही ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में सहयोग करने का वादा किया। आल इंडिया ब्राह्मण फैडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव पंडित पदम प्रकाश शर्मा जी ने मातृ शक्ति का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विक-सित समाज के लिए महिलाओं का भूमिका का महत्वपूर्ण योगदान है इसमें सभी महिला शक्ति से प्रतिभाग करने का निवेदन किया। बैठक में आभा शर्मा, मंजू शर्मा, रेखा दशमना, संजना शर्मा, निशा नौटियाल, आशा सारस्वत, राखी शर्मा, दया शर्मा, छवि पंथ, गोमती मिश्रा, प्रीति गौड़, कमलेश शर्मा, सुनीता शर्मा, नीतू अग्निहोत्री, बबीता शर्मा, मधु शर्मा, प्रिया शर्मा, सरिता मिश्रा , नीतिका भार्गव, गरिमा कौशिक, अर्चना गौड़ एवं समस्त मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

## इंदिरा गांधी ने निडरता से देश के सम्मान को दी ऊंचाइयां: इरशाद अली

### किसान कांग्रेस कार्यकताओं ने इंदिरा गांधी जयंती पर किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर किसान कांग्रेस के कार्यकताओं ने कनखल बैरागी कैंप स्थित शनि देव मंदिर के पास श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यकताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष इरशाद अली ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी आयरन लेडी के नाम से मशहूर थी। उन्होंने निडरता के साथ देश के सम्मान को ऊंचाइयां दी। उन्होंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। हम सब कांग्रेसियों को उनके बलिदान और उनके किए कामों से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की उन्नति में अपना सहयोग करना चाहिए। पूर्व राज्य मंत्री रकित वालिया ने कहा कि हम इंदिरा जी के बताए रास्ते पर चलें, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शहर अध्यक्ष सोनू लाल ने कहा कि इंदिरा गांधी ने बचपन से ही देश की आजादी के लिए अग्रणी भूमिका निभाई एवं देश की प्रथम प्रधानमंत्री बनकर देश सेवा में अपना जीवन लगा दिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष जतिन हांडा, विनोद कश्यप, शुभम अग्रवाल, अजय दास महाराज, मोनू, दीपक कोरी, आकाश बिरला, बृजमोहन, अश्वनी कौशिक, जगदीप, सपना सिंह, हिमांशु, दिनेश नेगी, संतोष, शुभम, विजय, सत्यम, नितिन कौशिक, मनोज जाटव, श्याम बिहारी, देवेंद्र, प्रेम सिंह, राज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फायर यूनिट ने किया विभिन्न अस्पतालों निरीक्षण एवं दी गई अस्पताल स्टाफ को महत्वपूर्ण जानकारी







**हरिद्वार,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेश एवं निर्देश के अनुपालन के क्रम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रुड़की द्वारा अपनी यूनिट के साथ रुड़की क्षेत्रांतर्गत विभिन्न अस्पतालों एवं नर्सिंग होम का अग्नि शमन एवं सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण एवं फायर आडिट किया गया एवं अस्पताल में लगे अग्निशमन उपकरणों की कार्य कार्यक्षमता जांची परखी गई अस्पताल में नियुक्त सभी स्टाफ एवं कर्मचारियों को भी अग्नि शमन उपकरणों की प्रयोग विधि के बारे में विस्तार से बताया गया

1 सहारन नर्सिंग होम बीएसएम चौक थाना गनगहर

2 जगन्नाथ अस्पताल चाव मंडी थाना गंगनहर

3 हेमंत अस्पताल निकट बीएसएम चौक थाना गंगनहर

4 देव नर्सिंग होम मालवीय चौक थाना गंग नहर

सभी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालकों को निर्देशित किया गया कि ऐसे स्थान पर मानव जनहानि होने की अधिक संभावना रहती है क्योंकि अस्पताल में भर्ती मरीज असहाय एवं पीड़ित होता है ऐसे स्थान पर अग्निशमन उपकरणों का उच्च कोटि का होना अति आवश्यक है क्योंकि भविष्य में किसी भी उच्च अधिकारियों द्वारा यदि आपके अस्पतालों में कोई कमियां पाई गई एवं लापरवाही बढ़ती गई तो उसके आप स्वयं जिम्मेदार रहेंगे एवं आपके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है '

किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें सभी स्टाफ एवं कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों की जानकारी एवं प्रयोग विधि का ज्ञान होना परम आवश्यक है

आपातकालीन नम्बर 112 के बारे में भी अवगत कराया गया

निरीक्षण के दौरान प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रुड़की श्री सुन्दरपाल फायरमैन जगवीर सिंह फायरमैन विपिन सैनी मौजूद रहे

# जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

तहसील दिवस में विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित कुल 77 प्रकरण आये, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा अन्य का प्रकरण में लगने वाले समय के अनुसार यथाशीघ्र निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

प्रमुख समस्याओं में दौलतपुर हजरतपुर निवासी ऋषिपाल ने शिकायत की कि चकबंदी विभाग द्वारा चकमाल अभिलेखों में दर्ज किया है लेकिन पैमाइश करते हुए नाप कर के नहीं दी गई है, जिसपर जिलाधिकारी ने 7 दिन के भीतर भूमि पैमाइश कराने के निर्देश चकबंदी अधिकारी को दिए।सिसोना निवासी इलम चंद ने ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की जिसपर जिलाधिकारी ने भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदार को दिए।बंजारेवाला निवासी भानूप्रताप सिंह ने रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत की जिसपर जिलाधिकारी ने संयुक्त टीम द्वारा रास्ते की पैमाइश करते हुए रास्ते को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश तहसीलदार को दिए।अकबरपुर कालसो निवासी बुरहान ने मुख्य मार्ग सिकरोढा रोड से लेकर अकबरपुर कालसो के रास्ते में जल भराव की शिकायत की जिसपर जिलाधिकारी ने रोड का परीक्षण कराते हुए एस्टीमेट बनाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिए।अकबरपुर काजी के ग्रामवासियों ने पानी की टंकी, पेयजल लाइन कार्य होने के बावजूद पेयजल आपूर्ति न होने की शिकायत की जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को तत्काल निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



तेजपाल तथा लोकेश कर्णवाल ने ( बेहड़की सैदाबाद) आश्रम रोड पर जलभराव की शिकायत की, साथ ही भगवानपुर सर्विस रोड पर लियाकत मलिक ने पीने के पानी की लाइनें दबी होने की शिकायत की जिस कारण क्षेत्र में पानी नहीं आ रहा है, जिसपर जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारी को टूटी पाइप लाइन ठीक कराने ओर दबी हुए पाइप लाइन चेक करने के निर्देश दिए । ईलम चंद ने कहा कि इनायतपुर - हलजोरा रोड पर नहीं रोड बन रही है रोड के दोनों तरफ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि तत्काल अतिक्रमण हटाएं। विश्वास कुमार (चौली शहाबुद्दीनपुर गांव) ने ओर ग्राम प्रधान मोहितपुर मोहम्मद मुस्तफा ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने की शिकायत की जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देश दिए । चकबंदी की रिपोर्ट नहीं लग रही है,चकबंदी अधिकारी की जिलाधिकारी ने हफ्ते में एक बार बैठने के निर्देश दिए। इश्क लाल ने पीडब्लूडी विभाग ने 2018 में पुल का निर्माण कराया था जिसमें उनकी जमीन का अधिकरण कर लिया था ओर अभी तक कोई भी मुआवजा नहीं मिला है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी को निर्देश दिए कि जांच कर रिपोर्ट दे ।विकलांग पेंशन के लिए मुशायदा ने की शिकायत की जिस पर समाज कल्याण विभाग से संबंधित अधिकारी को प्रमाण पत्र जल्द बनवाने के निर्देश दिए। हल्लूमाजरा निवासी सोहन सिंह ने खेत में कूड़ा डालने की शिकायत की जिस जिलाधिकारी ने ईओ भगवानपुर को कूड़ा स्थल और खेत के बीच बैरिकेटिंग लगाकर उसे कवर करने की बात की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित शिकायतों को संज्ञान में लेकर शीघ्र ही निस्तारण करें। तहसील दिवस के दौरान अधिकतर शिकायतें चकबंदी, भूमि पैमाईश, कब्जा, जल भराव, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने संबंधित थी।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों में डुप्लीकेसी न हो, जो भी रिपोर्ट्स लगाई जाए वह स्पष्ट तथा पठनीय हों। उन्होंने कहा कि कार्य छोटा हो या बड़ा पूरी शुद्धता व सटीकता से होना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति आपकी पेमाइस एवं कार्य को गलत न बता सके, निर्विवादित विरासतन के मामले स्थानीय स्तर पर ही शीघ्रता से कार्यवाही हो जाए। उन्होंने सभी को जनहित में नियमानुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायलय का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि कोर्ट डे पर आरसीएमएस से लिस्ट निकालकर कोर्ट के बाहर केस लिस्टअवश्य चस्पा की जाए।उन्होंने मिसिलबंद कार्य शीघ्रता से करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक भगवानपुर ममता राकेश, ब्लॉक प्रमुख अरुणा कर्णवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल, अपर जिला अधिकारी पी एल शाह, परियोजना निदेशक के एन तिवा-री, एस पी ग्रामीण स्वपन किशोर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह, अपर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की प्रेमलाल,वैयक्तिक सहायक सुदेश कुमार सहित जनपद के अधिकारी मौजूद रहे।

# गुड़ को दें चीनी की जगह, मिलेंगे लाजवाब फायदे

चाय के प्रेमी अक्सर तेज मीठे वाली चाय पीना ही पसंद करते हैं। बहुत कम ऐसे लोग होंगे जो कम मीठे वाली चाय पीते हैं। अगर आप भी मीठी चाय पीने के शौकीन हैं तो चीनी की जगह आज ही चाय में गुड़ डालना शुरू कर दें। इससे न केवल चाय का स्वाद बढ़ेगा बल्कि चीनी के सेवन से शरीर को पहुंचने वाले नुकसान से भी आप बच जाएंगे। तो चलिए जानते हैं भला गुड़ किस तरह गुड़, चीनी खाने से बेहतर है...

### गुड़ में पाए जाने वाले जरुरी तत्व

चीनी कैमिकल प्रोसेस के जरिए तैयार की जाती है। जिस वजह से इसका ज्यादा सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में जरुरी है चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल करें। गुड़ खाने से शरीर को कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन और कॉपर मिलता है। जिससे शरीर को बहुत से फायदे मिलते हैं।

### सर्दियों में फायदेमंद गुड़

सर्दियों में आपका शरीर को गर्म चीजों की जरुरत होती है। ऐसे में गुड़ खाने से आपका शरीर गर्म रहता है।

### मजबूत हड्डियां

गुड़ में मौजूद कैल्शियम आपकी हड्डियों को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। छोटे बच्चों को बचपन से ही गुड़ खाने



की आदत डालें, इससे उनकी हड्डियों का विकास तेजी से होगा।

### प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए फायदेमंद

गुड़ में आयरन, कैल्शियम और फास्फोरस जैसे गुण होते हैं जो शरीर में खून की कमी दूर करने में मददगार रहते हैं। गुड़ खाने से शरीर में रेड ब्लगड सेल्सो बनते हैं जो शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। निरंतर गुड़ के सेवन से गर्भावस्था के दौरान बीमारियों और एलर्जी से लड़ने में मदद मिलती है।

### नार्मल ब्लड प्रेशर

चीनी के सेवन से जहां आपका ब्लड प्रेशर लेवल बिगड़ता है वहीं गुड़ खाने से शरीर का ब्लड प्रेशर नार्मल होता है।

### प्रदूषण से बचाव

अगर आप दिन ऑफिस बैठने की जगह दिन भर सड़कों पर गुजरता है तो आपने अंदर गए प्रदूषण की सफाई करने के लिए रोज 1 टुकड़ा गुड़ खाएं। गुड़ के एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व शरीर में मौजूद सभी तरह के किटाणु और प्रदूषित तत्वों को खत्म करने का काम करते हैं।

पेट के लिए फायदेमंद

गुड़ आपके शरीर के लिए एंटी-ऑक्सीडेंट का काम करता है। इसके रोजाना सेवन से जहरीले पदार्थ आपके शरीर से युरीन के जरिए बाहर निकल जाते हैं। जिससे आप लाइट एंड हेल्दी फील करते हैं। गुड़ खाने से आपको कभी कब्ज की प्रॉबल्म नहीं होती। जिससे आप एक नहीं कई बिमारियों से बचे रहते हैं

इन सबके साथ-साथ गुड़ खाने से आपका ब्रेन स्ट्रांग होता है, आपकी आंखों की रोशनी लंबे समय तक बरकरार रहती है साथ ही सर्दियों के दौरान होने वाले सर्दी जुकाम से भी आप बचे रहते हैं।

# पौड़ी: ओएनजीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर 1 लाख 72 हजार की ठगी, पुलिस ने दोनों शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

**पौड़ी:** उत्तराखंड में पौड़ी जनपद के ओएनजीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 2 शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल, इन दोनों शातिर ठगों ने कोटद्वार निवासी उजागर सिंह पुंडीर से ओएनजीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर 01 लाख 72 हजार रुपये की ठगी की है। वहीं, इस ठगी का शिकार होने पर उजागर सिंह पुंडीर ने पुलिस में शिकायत दर्ज की थी। इस के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को देहरादून से गिरफ्तार किया है।


बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के द्वारा फरार व इनामी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया। दोनों अभियुक्त लगातार अपने ठिकाने बदल कर गिरफ्तारी से बचने में कामयाब हो रहे थे।



एसएसपी पौड़ी ने दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया। शातिर अपराधियों द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर कई अभ्यर्थियों को फर्जी नियुक्ति पत्र दिए गए थे। जिसके पश्चात अभियुक्तों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज होने पर पौड़ी पुलिस लगातार इनकी गिरफ्तारी हेतु प्रयासरत थी।

वहीं, पौड़ी पुलिस ने दोनों साथियों को आखिरकार देहरादून से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों की पहचान अमित रावत व अविनाश चमोली के नाम से हुई है। एसएससी पौड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 19 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है।

## केदारनाथ उपचुनाव के लिए बुधवार को वोटिंग, 90,875 मतदाता करेंगे 6 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



**केदारनाथ , केदारनाथ** विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर 20 नवंबर बुधवार को वोटिंग होगी। दूरस्थ पोलिंग बूथ के लिए सोमवार को ही 7 पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई थी, जबकि आज अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान से 166 पोलिंग पार्टियां रवाना हुई।

केदारनाथ विधानसभा में इस बार 90,875 मतदाता हैं. जिनमें 44,919 पुरुष और 45,956 महिला मतदाता शामिल हैं। केदारनाथ विधानसभा को दो जोनल एवं 27 सेक्टर में बांटा गया है।

कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दिव्यांग बूथ समेत बुजुर्ग, युवा और यूनिक बूथ तैयार किए गए हैं, जिसमें संबंधित क्षेत्र या गांव के मतदाताओं से कल होने वाले मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई है। केदारनाथ उपचुनाव में वोटिंग को लेकर कुल 173 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस बल तैनात है। साथ ही जिन स्थानों में वन क्षेत्र हैं, वहां स्थानीय वन रेंजर भी तैनात किए गए हैं।

सुरक्षा के मद्देनजर वन क्षेत्र में क्षेत्रीय वन अधिकारी और संवेदनशील बूथों पर सीपीएफ टीम भेजी गई है। इसके अलावा 130 पोलिंग बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, बीएलओ को भी तैनात किए गए हैं। पुलिस के साथ ही होमगार्ड और सीएपीएफ की भी तैनाती की गई है। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने बताया कि 1200 से भी अधिक पुलिसकर्मी इसमें लगे हैं। होमगार्ड और सीएपीएफ की भी तैनाती की गई है। केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा की आशा नौटियाल, कांग्रेस के मनोज रावत समेत 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है। बीते एक माह में भाजपा की और से सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सभी सांसद, मंत्री और दिग्गज नेताओं ने जमकर प्रचार किया जबकि कांग्रेस की और से पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, गणेश गोदियाल समेत पूरा विपक्ष एकजुट होकर प्रचार में जुटा रहा। अब 23 नवंबर को परिणाम सामने आएंगे।

# 6 दोस्तों की जान लेने वाले हादसे को एक सप्ताह पूरा,अब भी नहीं मिले इन 7 सवालों के जबाव

**देहरादून ,** मंगलवार को देहरादून के ओएनजीसी चौक पर देर रात हुए हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। एक कार हादसे में 6 दोस्तों की ऐसी दर्दनाक मौत की सबकी रुह कांप जाए। हादसे के एक सप्ताह बाद भी पुलिस कई सवालों के जबाव अब तक तलाश रही है।

जिसमें सबसे बड़ा सवाल कंटनेर को लेकर उठ रहे हैं कि आखिर एक सप्ताह बाद न कंटेनर का चालक और नहीं कंटेनर का मालिक सामने आया है। इसके साथ ही पुलिस के लिए सबसे बड़ी पहेली कार की रफ्तार बनी हुई है कि आखिर पहले चौराहों पर सामान्य गति से चल रही कार ने अचानक इतनी स्पीड कैसे पकड़ ली।

11 नवंबर की देर रात करीब डेढ बजे ओएनजीसी चौक पर एक इनोवा कार के भीषण दुर्घटना में 6 दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक साथी बुरी तरह घायल होने के बाद असपताल में भर्ती है। ये हादसा इतना भयावह था कि जिसने देखा या सुना सन्न हो गया। हादसे के बाद दुर्घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गए। एक वीडियो में तो हादसे के बाद सड़क पर क्षत विक्षत अवस्था में मृतकों के शरीर के अंग पड़े



हुए दिखे, जिसके बाद ये अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया कि आखिर इतना भयानक हादसा कैसे हुआ।

घटनास्थल पर एक कंटेनर भी मिला, जिसके पिछले हिस्से पर गाड़ी का कुछ हिस्सा चिपका मिला। इसके अलावा इनोवा कार को पहचानना मुश्किल था। कार बुरी तरह से डेमेज अवस्था में मिली। जिस कंटेनर से इनोवा टकराई उसके चालक और मालिक अब तक सामने नहीं आए हैं, नहीं पुलिस पता लगा पाई है। बताया जा रहा है कि कंटेनर तीन बार से अधिक बिक चुका है। लेकिन ये पता नहीं चला कि कंटनेर शहर में कहां आया और कहां जा रहा था।

ये सब चालक की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल पाएगा। हादसे का पूरा सच अब दुर्घटना में घायल सिद्धेश से पूछताछ में ही पता चल पाएगा जो कि अब धीरे धीरे रिकवर कर रहा है। इस बीच पुलिस को हादसे की एक और चश्मदीद और लग्जरी कार की पहेली भी सुलझानी है। जिसको लेकर पहले दावा किया जा रहा था कि लग्जरी कार और इनोवा में किसी तरह की रेस तो नहीं हुई। पुलिस जांच में ये बात सामने आई है कि लग्जरी कार ने कंटेनर को देखकर ब्रेक लगा लिया लेकिन इनोवा का ब्रेक नहीं लगा। जो कि हादसे की प्रमुख वजह मानी जा रही है। ये भी कहा जा रहा है कि ब्रेक के पास बोतल भी पड़ी मिली, जिस वजह से शायद ब्रेक न लग पाए हों।

# रुद्रपुर में दर्दनाक हादसा: रेलगाड़ी की चपेट में आने से मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**उधम सिंह नगर:** उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर के जिला मुख्यालय रुद्रपुर में रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं, इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि मृतक मूल रूप से ग्राम वादिया मुजफ्फरपुर नगर बिहार का रहने वाला था और यहां मजदूरी का काम करता था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार 40 वर्षी सत्यपाल साहनी पुत्र राम अवतार साहनी पिछले कुछ वर्षों से दुर्गा विहार भूरारानी में किराए के मकान पर रहता था और मूल रूप से बिहार का निवासी



था। उसके पांच बच्चे हैं जिसमें तीन लड़कियां और दो लड़के हैं। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीते सोमवार देर रात वह मजदूरी समाप्त कर घर वापस लौट रहा था। इसी बीच सत्यपाल साहनी (मजदूर) भूरारानी के समीप अंडरपास से पटरी पार करने के दौरान रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं, इस घटना की दौरान मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

आईपीएस निहारिका तोमर ने जानकारी दी है कि जिला मुख्यालय रुद्रपुर में रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों से दिल्ली की यात्रा में नहीं होगी परेशानी,सरकार ने लिया ये एक्शन,जानिए क्या कहा

**उत्तराखण्ड,** दिल्ली में परिवहन निगम की बसों पर लगे प्रतिबंध और आम लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए सरकार तुंरत एक्शन में आ गई है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने एक्शन लेते हुए सचिव परिवहन को 175 बसों के खरीद के प्रस्ताव के निर्णय पर उचित स्तर पर वार्ता के निर्देश दिए हैं।

यूटीसी को तत्काल शॉर्ट टर्म एक्शन प्लान पर कार्य करते हुए दिल्ली के लिए रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाने, विशेषकर वीकेंड पर बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के भी सीएस ने निर्देश दिए हैं। सीएस ने रोडवेज को मिली 30 नई बसों के शीघ्र संचालन के निर्देश दिए हैं। फौरी राहत देने के लिए यूटीसी की बसों का संचालन गाजियाबाद में मोहन नगर के साथ ही कौशाम्बी तक करने के लिए उत्तर प्रदेश से समन्वय करने को भी कहा है। उत्तराखण्ड परिवहन निगम की पुराने मॉडल की डीजल बसों पर





दिल्ली पर लगे प्रतिबन्ध से आमजन की असुविधा के तत्काल समाधान को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यूटीसी को तत्काल शॉर्ट टर्म एक्शन प्लान पर कार्य करते हुए दिल्ली के लिए रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाने, विशेषकर वीकेंड पर बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इसके लिए यूपी से भी समन्वय हेतु निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सचिव परिवहन को 175 बसों के खरीद के प्रस्ताव के निर्णय पर उचित स्तर पर आज ही वार्ता हेतु निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने निर्देश दिए हैं कि जिन 100 सीएनजी बसों की खरीद की टेण्डर प्रक्रिया पूरी हो चुकी हैं तथा 30 बसें प्राप्त हो चुकी हैं, उनका संचालन शीघ्र शुरू किया जाए। प्रदूषण नियंत्रण के मानक पूरा करने वाली बसें सीधा दिल्ली में प्रवेश करेगी। सामान्य बसें दिल्ली सीमा मोहन नगर व कौशाम्बी तक जा सकेगी।

बैठक में उत्तराखण्ड परिवहन निगम ने जानकारी दी कि दिल्ली में प्रदूषण के कारण पुराने मॉडल की डीजल बसों पर लगी रोक से पहले रोडवेज की दिल्ली रूट पर 504 सेवाएं प्रतिदिन संचालित होती थी, लेकिन अभी प्रदूषण नियंत्रण के मानक पूरे करने वाली 310 बसें संचालित हो रही हैं।

194 बसें प्रतिबन्धित की गई हैं। प्रतिबन्ध से पूर्व रोडवेज की बसों का लोड फैक्टर लगभग 40 प्रतिशत था जो अभी बस सेवाओं की फ्रीक्वेंसी बढ़ने से लोड फैक्टर 90 से 100 प्रतिशत हो गया है। दिल्ली जाने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की विशेष असुविधा नही हो रही हैं। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में भ्रामक सूचनाओं को स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

# हजारों युवाओं को दिया जा रहा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में कौशल विकास एवं रोजगार कॉन्क्लेव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनरेशन इंडिया और उत्तराखण्ड सरकार के बीच एमओयू भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉन्क्लेव हमारे युवाओं के कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह कॉन्क्लेव युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को दुगना करने के लक्ष्य को लेकर सरकार कार्य कर रही है। दो साल में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 1.3 गुना वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किये गये हैं। राज्य में विभिन्न क्षेत्रों के लिए 30 नई नीतियां बनाई हैं। उत्तराखण्ड राज्य के युवाओं को रोजगार देने में भी अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। राज्य में एक साल में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय भी तेजी से बढ़ी है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास के लक्ष्यों की रैकिंग में राज्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में हम राज्य की जीएसडीपी को दोगुना करने के साथ-साथ कौशल विकास और रोजगार सृजन में भी उल्लेखनीय कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है, जहां 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यदि इस ऊर्जा को सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान किया जाए, तो हमारा देश न केवल एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा, बल्कि एक सशक्त और समृद्ध समाज की नींव भी रख सकेगा। यही कारण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में ही स्किल इंडिया अभियान की शुरूआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हमारे युवाओं को उनकी रुचि और क्षमताओं के अनुसार उत्कृष्ट और व्यावसायिक रूप से उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान करना था। यह अभियान न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और सहयोग से हमारी सरकार भी राज्य में युवा शक्ति को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ इस संबंध में निरंतर कार्य कर रही है। कौशल विकास को राज्य के प्रमुख एजेंडे में शामिल करते हुए कई योजनाओं और नीतियों को लागू किया गया है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत हजारों युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का रोजगार परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, तकनीकी नवाचार और वैश्विक परिवर्तन के कारण रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इसके लिए हमें अपने युवाओं को ह्लफ्यूचर-रेडीह्व बनाना होगा। इस दिशा में युवाओं को ह्लडिमांड बेस्ड स्किल ट्रेनिंगह्व देने के लिए विभिन्न उद्योगों और कॉरपोरेट संस्थानों के साथ समझौते किए गये हैं। राज्य के 13 आई.टी.आई. संस्थानों में दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ 20 अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रदान किये जा रहे हैं। साथ ही, आई.टी.आई. काशीपुर में इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में एक ह्लसेंटर ऑफ एक्सीलेंसह्व स्थापित किया गया है। फिलिप्स के सहयोग से आई.टी.आई. हरिद्वार में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए एक ह्लसेंटर ऑफ एक्सीलेंसह्व स्थापित किया गया है। अशोक लेलैंड कंपनी के साथ भी एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत अशोक लेलैंड प्रत्येक वर्ष हमारे एक हजार युवाओं को अपने प्लांट में इंटर्नशिप और रोजगार प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा विदेशी प्लेसमेंट नीति के तहत राज्य के युवाओं को विदेशी भाषाओं सहित विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि हमारे युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। इसके पहले चरण में 23 युवाओं को जापान भेजा है। 25 युवाओं को जर्मनी और ब्रिटेन में नर्सिंग क्षेत्र हेतु भेजने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कॉन्क्लेव में विभिन्न सत्रों के माध्यम से राज्य के प्रमुख ग्रोथ ड्राइवर्स, जैसे आयुष, वैलनेस, पर्यटन, बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण, वन आधारित आजीविका, डिजिटल मार्केटिंग, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, अक्षय ऊर्जा आदि पर चर्चा से जो विचार और सुझाव प्राप्त होंगे। वे राज्य में युवाओं के कौशल विकास के लिए तैयार की जाने वाली नीतियों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होंगे। कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। औद्योगिक संस्थानों की मांग के अनुसार युवाओं के कौशल विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इन प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के लिए लघु अवधि के कोर्स भी नियमित कराये जा रहे हैं।

# शहर में 49ट्रैफिक जंक्शनों पर पुन: बनेंगे जेबरा क्रासिंग व स्टॉप लाईन

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

**देहरादून** राजधानी के भारी ट्रैफिक को नियंत्रित करने व नियमो को ताक पर रखकर गाड़ी चलाने वालों को नियंत्रित करने को पुलिस कप्तान अजय सिंह द्वारा राजधानी के सभी प्रमुख मार्गों, चौराहों को लिंक करने वाले मार्गों पर रम्बल स्ट्रिप लगाने, ट्रैफिक जंकशन्स पर ट्रैफिक लाईटों की संख्या को बढ़ाने तथा विभिन्न मार्गों पर डामरीकरण व निर्माण कार्यों के चलते जैब्रा लाईन तथा स्टॉप लाईन के मिट जाने से वाहन चालकों व पैदल जाने वाले लोगों हो रही परेशानी के विषय पर विचार कर उन्हें दुरुस्त करने की जरूरत को सड़क सुरक्षा समिति के संज्ञान में लाया था। जिसके उपरांत राजधानी के 49 ट्रैफिक जंक्शनों पर दोबारा जेबरा क्रासिंग व स्टॉप लाइन बनाई जाएगी।

बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के निदेशों के अनुसार दून पुलिस तथा पीडब्लूडी की संयुक्त टीम के साथ कार्यवाही करते हुए शहर के सभी



49 ट्रैफिक जंक्शनों का निरीक्षण कर स्टॉप लाईन तथा जैब्रा क्रॉसिंग के स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। उक्त निरीक्षण के उपरांत सभी ट्रैफिक जंक्शनों पर दोबारा से स्टाप लाईन तथा जैब्रा कॉसिंग की मार्किग की जायेगी। इसके अतिरिक्त जनपद के सभी मुख्य मार्गों को 05 जोन (घण्टाघर से मसूरी डायवर्जन, घण्टाघर से प्रेमनगर, घण्टाघर से आईएसबीटी, सवेचौक से सहस्त्रधारा क्रॉसिंग/किरशाली चौक/रायपुर चौक, सवेचौक से रिस्पना चौक/जोगीवाला/कार्गी चौक) में विभाजित करते हुए पुलिस, आरटीओ तथा पीडब्लूडी की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। पुलिस व आरटीओ की संयुक्त टीम द्वारा सभी प्रमुख चौराहों, मार्गों आदि का निरीक्षण कर उनसे जुडने वाले ऐसे सभी लिंक मार्गों को चिन्हित किया जायेगा, जिसमें यातायात संचालन तथा वाहन चालकों की सुरक्षा के दृष्टिगत रम्बल स्ट्रिप का निर्माण किया जाना है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध जनपद पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, विगत एक वर्ष के दौरान पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से जैब्रा लाईन/स्टॉप लाईन के उल्लंघन में 2571 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गयी है।

## ड्रंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीडिंग तथा संधिगद रूप से घूमने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाईः एसएसपी



**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

देहरादून राज्य में बीते दिनों हुई भयानक घटना के बाद से ही शहर भर में पुलिस द्वारा रात्रि गशस्ती को तेज करते हुए एसएसपी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर पुलिस चेकिंग का जायजा लिया जा रहा है।

जिस क्रम में कल देर रात्रि एसएसपी देहरादून द्वारा देहात क्षेत्र में सहसपुर, सेलाकुई आदि क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर पुलिस चेकिंग का जायजा लिया गया। इस दौरान उपस्थितिक अधिकारियों को रात्रि के समय नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए प्रभावी पुलिस चेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, साथ ही रात्रि के समय शराब पीकर वाहन चलाने, रैश ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा रात्रि के समय संधिक्त रूप से घूम रहे व्यक्तियों को थाने लाकर उनसे आवश्यक पूछताछ कर सत्यापन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म कर उसकी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**विकासनगरः** नाबालिक युवती के साथ दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले अभियुक्त आया दून पुलिस की गिरफ्तार में।

विकासनगर निवासी महिला द्वारा शिकायत दर्ज करायी कि अभियुक्त समद पुत्र शकील निवासी खाता खेड़ी सहारनपुर उत्तर प्रदेश, हाल निवासी ग्राम कुंजा थाना विकासनगर जनपद देहरादून द्वारा उनकी नाबालिक पुत्री का स्कूल से आते-जाते समय पीछा किया करता था तथा रात्रि में उनकी पुत्री के शौच के लिए जाते समय उसे जबरदस्ती पकडकर उसे डरा धमकाकर उसके साथ बलात्कार कर उसकी अश्लील फोटो व विडियो बनायी गई तथा घटना के बारे में किसी को बताने पर उनकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी गई। अभियुक्त द्वारा अश्लील विडियो एवं फोटो वायरल करने तथा उनकी पुत्री को बदनाम करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार बलात्कार किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज करायी गई शिकायत के आधार पर थाना विकासनगर में तत्काल अभियुक्त समद पुत्र शकील के विरुद्ध अन्तर्गत धारा-354(C)/354(D)/376(3)/506 भादवि व 5(ठ)/6 पोक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।

घटना के गंभीरता के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा अभियुक्त के संबंध में सुरागरसी/ पतारसी कर जानकारी एकत्रित करते हुए कल रात्रि में अभियुक्त अब्दुल समद को खाता खेड़ी कच्चे रास्ते पर खलीफा की चाय की दुकान के पास थाना मण्डी जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

# आज का युवा ही कल के भारत का निमार्ता

**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

देहरादून ऋषिकेश। श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में आयोजित हुआ। पांचवें दीक्षांत समारोह का शुभारंभ कुलाधिपतिध्राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पांचवें दीक्षांत समारोह में 21230 स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियां और 81 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए। 2023 के स्नातक स्तर में सभी संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कविता रानी को श्रीदेव सुमन गोल्ड मेडल-2023 प्रदान किया गया। इतिहास, मानव विज्ञान एवं चित्रकला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कैप्टन शूरवीर सिंह पंवार स्वर्ण पदक, क्रमशः कुमारी तनु सिंह, कुमारी आंचल और रितिका बलोदी को दिया गया। वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अंशिका बत्र्वाल को स्व. नन्दन पुरोहित स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

अपने दीक्षांत भाषण में राज्यपाल ने सभी उपाधि धारकों और स्वर्ण पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता और विकास के लिए पांच संकल्प लेने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि हमेशा बड़े सपने और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करें।



दूसरे संकल्प में राज्यपाल ने विद्यार्थियों से दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मनियंत्रण और अनुशासन को सदैव अपनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने तीसरे संकल्प के रूप में विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी लक्ष्य प्राप्त करने या सफलता को पाने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करें। चौथा संकल्प, किसी भी क्षेत्र में आगे बढे के लिए उस कार्य को मेहनत, लगन और पूर्ण पेशेवर तरीके से किया जाय और पांचवें संकल्प के रूप में विद्यार्थियों से कहा कि वे संचार कौशल (कम्युनिकेशन स्किल) को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करें। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वर्तमान युग में डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने इन क्षेत्रों में कौशल विकसित करने और खुद को हमेशा अद्यतन रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर हम सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज का युवा ही कल के भारत का निमार्ता है। आप अपनी योग्यता और क्षमता को ह्यराष्ट्र प्रथमइ और ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतइ की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में लगाएं। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर किए गए नौ आग्रहों को उत्तराखण्ड के विकास के लिए नौ संकल्प बताया। उन्होंने इन पर अमल करने और राज्य को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की अपील की।

# देहात भ्रमण के दौरान अचानक कोतवाली गंगनहर पहुंचे एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल मातहत से गोष्ठी हेतु देहात भ्रमण के दौरान अचानक कोतवाली गंगनहर पहुंचे। एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, सीओ मंगलौर विवेक कुमार व सीओ रुड़की नरेंद्र पंत की मौजूदगी में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा प्रभारी निरीक्षक गंगनहर, प्रभारी निरीक्षक रुड़की व अन्य उपनिरीक्षकगण को आगामी सर्दी के मौसम के दृष्टिगत अलर्ट रहते हुए सड़क दुर्घटनाओं एवं अपराधों पर लगाम लगाने हेतु निम्नलिखित दिशा-निर्देश दिए-

1- रात के समय हाईवे के किनारों में किसी भी दशा में गाड़ियां खड़ी न होने दी जाएं।

2- गन्ना सेंटर, शुगर मिल मालिकों/ संचालकों से समन्वय स्थापित कर ये सुनिश्चित किया जाए कि गन्ने से लदे वाहनों के आगे पीछे रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगी हुई हो।

3- वाहन दुर्घटना में संवेदनशील डउ्ळ (डश्एफ उ्रूटएठरक्ङठअछ उअफ्रूङ) वाहनों (गन्ना ढुलाई या अन्य वाहन) के चालान कर अतिरिक्त पोर्शन हटाया जाए।

4- सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्टेकहोल्डर्स/एसोसिएशन के साथ अगले एक सप्ताह के भीतर मीटिंग कर, अपनी एवं उनकी जरूरतों को समझें एवं सामंजस्य से बनाएं।

5-बिना बैक लाइट के कोई भी वाहन रात में नहीं चलेगा, इस बात को सुनिश्चित करें।

6- फायरिंग के मामलों में सख्त एक्शन लिया जाए। आरोपियों को कड़ा संदेश जाना चाहिए। इस प्रकार के मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

7- लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात को राउंड लगाकर सड़क किनारे सोने वालों को हटाया जाए और सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए

8- लगातार कोहरा बढ़ते जा रहा है असामाजिक तत्व इस बात का फायदा उठा सकते हैं इसलिए प्रॉपर वर्दी पहनकर अलर्ट स्थिति में काम करें।

9- समय-समय पर प्रत्येक थाना अपने सीनियर अधिकारियों को साथ लेकर, बड़े स्तर पर ₹ड्राइव चलाकर₹ आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्रवाई करते हुए ₹गलत प्रवृत्ति के ट्रेंड₹ को खत्म करना है आदि।

# राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 पर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में यातायात को बंद रखने और खोलने का समय तय किया गया

**गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों और वाहनों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही के लिए जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया**

**उत्तरकाशी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 पर यातायात बंद रखने और खोलने का समय 19 दिसंबर 2024 तक प्रभावी रहेगा**

**आपातकालीन सेवा वाहन, पुलिस व प्रशासन के वाहनों को आवाजाही की अनुमति रहेगी**

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



उत्तराखंड -उत्तरकाशी/19 नवंबर 2024 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र किमी. 108 रतूड़ीसेरा एवं किमी. 106 बंदरकोट में भूस्खलन का स्थिरीकरण और ढलान संरक्षण का कार्य होने के कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रियों ओर वाहनों की सुगम ओर सुरक्षित आवाजाही के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यातायात को बंद रखने और खोलने हेतु समय निर्धारित करते हुए तय समय सारिणी के अनुसार यातायात संचालित करने का आदेश जारी किया है।

सीमा सड़क संगठन के आग्रह पर इस संबंध में जिलाधिकारी ने एक आदेश जारी करते हुए जिला मुख्यालय सहित गंगोत्री धाम को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र किमी. 108 रतूड़ीसेरा एवं किमी. 106 बंदरकोट में भूस्खलन का स्थिरीकरण और ढलान संरक्षण का कार्य को देखते हुए प्रातः 07:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक , पूर्वाहन 10:30 बजे से अपराहन 12:30 तक , अपराहन 01:30 बजे से अपराहन 03:30 बजे तक , सायं 06:00 बजे से सायं 07:00 बजे तक तथा रात्रि 09 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक यातायात बंद रखने का समय निर्धारित किया है। इन दोनों स्थानों पर प्रातः 06:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक, प्रातः 08:00 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक, अपराहन 12:30 बजे से अपराहन 01:30 बजे तक, अपराहन 03:30 बजे से सायं 06:00 बजे तक तथा सायं 07:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक यातायात को खुला रखने का समय तय किया गया है।

आज से लागू उक्त आदेश आगामी 19 दिसंबर 2024 तक प्रभावी रहेगा। आदेशानुसार यातायात बंद रहने के लिए तय समय के दौरान जीवन रक्षक वाहन, आपातकालीन सेवा वाहन, पुलिस व प्रशासन के वाहनों को उक्त मार्ग पर आवाजाही की अनुमति रहेगी।

# मुख्य विकास अधिकारी एस0एल0 सेमवाल ने काष्ठ कला ग्रोथ सेंटर का निरीक्षण किया

## उत्तरकाशी में काष्ठ कला के संवर्धन से शिल्पकारों की आजीविका में सुधार होगा



**उत्तराखंड -उत्तरकाशी/** आजीविका संवर्धन के अंतर्गत काष्ठ कला के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनपद में ऐसे कार्यों को बढ़ावा व विकसित रूप दिया जा रहा है, जिनसे शिल्पकारों को आय सृजन के अवसर प्राप्त हो सकें।

पुरोला खंड के ग्राम पंचायत श्रीकोट में उद्योग विभाग द्वारा संचालित काष्ठ कला ग्रोथ सेंटर का मुख्य विकास अधिकारी एस०एल० सेमवाल ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सेन्टर में 02 माह से संचालित की जा रही काष्ठ कला कार्यशाला का भी अवलोकन किया।

उन्होंने स्थानीय समूह की महिलाओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि आजीविका के क्षेत्र में ग्राम्य विकास तथा अन्य रेखीय विभागों से सहयोग की दिशा में कार्य क्रियान्वित किए जाएंगे। कार्यशाला में शिल्पकारों द्वारा निर्मित लकड़ी के टेबल, कुर्सी, चाय ट्रे आदि आधुनिक क्रियाकलापों की सराहना करते हुए, मुख्य विकास अधिकारी ने शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मडुआ, चौलाई, लाल धान आदि अन्य स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग व पैकेजिंग कार्यों को आधुनिक रूप दिए जाने के परियोजना प्रबंधक रीप को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आजीविका के जरिए जनपद के सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादों की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदीयों की श्रेणी में लाए जाने के भरसक प्रयास किए जाएंगे।

तत्पश्चात उन्होंने घिवरा में विकेन्द्रीकृत जलागम विकास परियोजना कृषि व्यवसाय ग्रोथ सेंटर में रिंगाल द्वारा निर्मित विभिन्न उपकरणों के साथ स्थानीय उत्पादों का निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी एस०एल० सेमवाल ने इस अवसर पर कहा कि काष्ठ कला और अन्य स्थानीय उत्पादों के संवर्धन से न केवल शिल्पकारों की आजीविका में सुधार होगा, बल्कि जनपद की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन प्रयासों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी।

सेन्टर में स्थापित मशीनों के संचालन को उपयोगी रूप क्रियान्वित करने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में और भी कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ ही, उन्होंने स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और विपणन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस निरीक्षण के दौरान, मुख्य विकास अधिकारी ने शिल्पकारों और स्थानीय समूहों के साथ विस्तृत चर्चा की और उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इस मौके पर उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और काष्ठ कला के संवर्धन के लिए अपने विभागों की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस प्रकार, उत्तरकाशी में काष्ठ कला और अन्य स्थानीय उत्पादों के संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों से न केवल शिल्पकारों की आजीविका में सुधार होगा, बल्कि जनपद की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्र, खंड विकास अधिकारी पुरोला, महाप्रबंधक उद्योग शैली डबराल, परियोजना प्रबंधक रीप कपिल उपाध्याय, ग्राम प्रधान श्रीकोट धीरपाल सरियाल आदि उपस्थित रहे।

## एसटीएफ द्वारा थाना किच्छा क्षेत्र से 10 लाख रुपये से अधिक कीमत के नशीले इंजेक्शन किए बरामद



**उधम सिंह नगर:** एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा नशीले इंजेक्शनों की इस वर्ष 2024 की रिकॉर्ड तोड़ बरामदगी करते हुए कुल 1600 इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को ऑल्टो कार के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदा नशीले इंजेक्शनों की कीमत करीब 10 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर द्वारा ड्रग्स के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये एसटीएफ ( एंटी नार्कोटिक्स) कुमाऊं यूनिट को उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों में कड़ी निगरानी रखते हुये कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के पर्यवेक्षण में सीओ एसटीएफ कुमाऊँ के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ (एंटी नारकोटिक्स) कुमाऊं यूनिट के नेतृत्व में कल उत्तराखण्ड एसटीएफ की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, कुमाऊं यूनिट द्वारा थाना किच्छा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए पंतपुरा तिराहा के पास से एक तस्कर वीरपाल पुत्र हरिश कुमार निवासी शरीफ नगर थाना देवरानियाँ जिला बरेली को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से कुल 1600 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए अभियुक्त वीरपाल ने पूछताछ में बताया कि वे यह इंजेक्शन बरेली के अरविन्द नामक व्यक्ति से लाया है, जिसको वह रुद्रपुर, किच्छा में देने ले जा रहा था। रुद्रपुर, किच्छा क्षेत्र में ये फुटकर में अच्छे दाम में बिकता है, अभियुक्त द्वारा बताया गया की वह अक्सर बरेली से नशीले इंजेक्शन लाता रहता है। एसटीएफ टीम द्वारा पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम की जानकारी हुई है जिन पर अलग से कार्यवाही की जायेगी। अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

## ऊधमसिंहनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

ऊधमसिंहनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता अवैध असलाह बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़।असलाह फैक्ट्री से भारी मात्रा में अवैध तमंचे और हथियार बनाने के उपकरण बरामद।अवैध हथियारों की सप्लाई में आरोपी पूर्व में भी जा चुका है जेल।मिली सूचना पर एसएसपी ने गुप्त तरीके से करवाया था सत्यापन।गदरपुर पुलिस अधीक्षक की टीम ने नहाल बैराज के पास खेत किनारे बना रहे थे अवैध हथियार।पुलिस ने मौके से दर्शन सिंह नाम के आरोपी को किया अरेस्ट।आरोपी के पास से 4 तमंचे 315 बोर,3 तमंचे 12 बोर,1 देशी बंदूक 12 बोर,1 पोनी देशी बंदूक 12 बोर,6 जिंदा कारतूस 315 बोर और 2 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद।अवैध हथियारों की फैक्ट्री चला रहे दर्शन के खिलाफ दर्जनों मुकदमे हैं दर्ज।एसएसपी मणिकांत मिश्र ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामलें का किया खुलास अवैध हथियारों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करने वाली पुलिस टीम को किया सम्मानित।

## रूड़की 19 नवंबर 2024 जिला जज प्रशांत जोशी ने मंगलवार को उप कारागार रूड़की का निरीक्षण किया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल, एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरजीत कौर आदि उपस्थित थे।

जिला जज ने जेल निरीक्षण के दौरान जेल में महिला तथा पुरुष बंदियों से मुलाकात की। उन्होंने बंदियों से जेल में भोजन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं, नियमानुसार सरकारी वकील की उपलब्धता, कोर्ट में पेशी, दूरभाष पर पारिवारिक व्यक्तियों से होने वाली वार्ता सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली।

## उन्नाव नवाबगंज अजगैन विद्युत विभाग ने सुरू किया राजस्व वसूली हेतु विशेष अभियान



**उन्नाव नवाबगंज** अजगैन विद्युत विभाग द्वारा राजस्व वसूली हेतु विशेष अभियान शुरू किया गया है वहीं उप खण्ड अधिकारी रुद्र प्रताप ने बताया सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध ,अपील है कि अपना विद्युत बिल समय से जमा कर दें एवं जमा बिल की रसीद घर पर रखें उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन में राजस्व वसूली हेतु टीम का गठन किया गया है रुपया 5000 से ऊपर के सभी बकायेदारों पर कार्रवाई की जा रही है विद्युत बिल जमा होने पर विद्युत विच्छेदन कर दिया जाएगा विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचें।वहीं अवर अभियंता विष्णु शुक्ला ने कहा अपना-अपना विद्युत बिल तत्काल जमा कर दें अन्यथा जिम्मेदारी आपकी होगी होने वाली असुविधा के जिम्मेदार आप होंगे।

## उन्नाव घर से खेत को निकले युवक का पेड़ से लटकता मिला शव



**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के घनश्याम खेड़ा गांव का रहने वाला एक वाहन चालक अपने घर से खेत में काम करने के लिए निकला था। रास्ते में ही पेड़ से उसका फंदे से शव लटलता मिला है ग्रामीणों ने शव देख घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुँचे परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के साथ ही जांच पड़ताल की है।

जानकारी के अनुसार घनश्याम खेड़ा गांव निवासी संदीप (20) पुत्र तुलसी पेशे से वाहन चालक था। काम निपटाने के बाद वह घर पहुंचा और खेतों में खड़ी धान की फसल में कुछ काम करने के लिए घर से निकल गया। कुछ देर बाद ही खेतों में मवेशी चरा रहे ग्रामीणों ने पेड़ से शव लटकता देख तो कोहराम मच गया। शिनाख्त करने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के पिता और चचेरे भाई मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी अचलगंज थाना पुलिस को दी। फांसी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मोर्चरी हाउस पहुंचे चचेरे भाई ने बताया कि वह एक पेट्रोल पंप पर वाहन चलाता था। पिता तुलसी भी पेशे से चालक हैं मृतक तीन बहन और दो भाई थे। फिलहाल संदीप की मौत का कारण परिवरीजन भी नहीं समझ सके हैं। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

## उन्नाव अज्ञात कारणों से लगी झोपड़ी में आग गृहस्थी सहित मोटर साइकिल जली



**उन्नाव,** हसनगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारा बुजुर्ग में अज्ञात कारणों से आग लग गई देखते ही देखते आग से विकराल रूप ले लिया ग्राम प्रधान यशवंत सिंह ने ग्रामीणों की मदत से पहले बाल्टियो से आग पर काबू नहीं पाया गया तब तालाब में इंजन लगा कर जीन डाल कर आग को बुझाया गया। तब तक रामकुमार पुत्र स्व अयोध्या प्रसाद की गृहस्थी बर्तन साइकिल रिक्शा ठेलिया मोटर साइकिल नगद राशि लगभग 15000 रुपए सहित अन्य नुकसान आग से हो गया था जिसकी जानकारी प्रशासन को होने पर राजस्व लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर पीढ़ित रामकुमार पुत्र स्व अयोध्या प्रसाद से जानकारी प्राप्त कर प्रशासन को रिपोर्ट देने की बात कही है।

### छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया

**बांगरमऊ, उन्नाव**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने ₹सड़क सुरक्षा₹ विषय पर आयोजित जनपद स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विजयी छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो सदानंद राय के संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी व सह प्रभारी डॉ सविता राजन के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता अंतर्गत आंचल सिंह ने प्रथम, पोस्टर में अंशू गुप्ता द्वितीय, क्विज में वासुदेव द्वितीय व निवेदिता तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# आज अयोध्या दौरे पर रहेंगे सीएम योगी, राममंदिर में निर्माण कार्य का कर सकते हैं निरीक्षण

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी 20 नवंबर को मतदान के दिन अयोध्या दौरे पर रहेंगे। यहां पर सीएम योगी रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। वहीं, रामनगरी में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही सीएम कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के लिए सभी तैयारियां की जा चुकी है। रामनगरी के अलावा सीएम योगी बलरामपुर जिले का दौरा करेंगे।


सीएम के आगमन की चल रही तैयारियां

बता दें कि आज बुधवार को यूपी की 9 विधानसभा सीटों उपचुनाव के लिए वोटिंग हो रही है। 23 नवंबर को इसके नतीजे घोषित किए जाएगे। सभी 9 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए सीएम योगी ने चुनाव प्रचार किया। आज मतदान के दिन सीएम योगी रामनगरी में एक घंटा 50 मिनट रहेंगे रहेंगे। वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों कर ली है।

**सीएम योगी करेंगे समीक्षा बैठक**

जानकारी के मुताबिक, सीएम योगी





रामजन्मभूमि में रामलला के दर्शन करने के साथ हनुमानगढ़ी में हनुमंत लला के दरबार में भी माथा टेकेंगे। सीएम अयोध्या के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी करेंगे। बता दें कि सीएम योगी रामलला के दरबार में दर्शन-पूजन करेंगे। यहां पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी व न्यासियों की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री की ओर से रामलला के दर्शन के बाद रामजन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति को भी परखा जा सकता है।

**जानिए सीएम योगी का आज का कार्यक्रम**

.आज दो जिलों के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री योगी

.अयोध्या और बलरामपुर जिलों का दौरा करेंगे सीएम

.दोपहर 2.05 बजे राम कथा पार्क, अयोध्या पहुंचेंगे सीएम

.हेलीपैड से सीधे जाएंगे हनुमानगढ़ी, करेंगे दर्शन पूजन

.हनुमानगढ़ी के बाद रामलला के करेंगे दर्शन पूजन

.सुग्रीव किला में नवनिर्मित राजगोपुरम का करेंगे अनावरण

.राजगोपुरम में स्थापित मूर्तियों का करेंगे अनावरण

.3.50 बजे राम कथा पार्क हेलीपैड के लिए होंगे रवाना

.शाम 4.20 बजे तुलसीपुर, बलरामपुर पहुंचेंगे सीएम

.4.25 बजे कार द्वारा देवीपाटन मंदिर को जाएंगे सीएम

.4.30 बजे देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर पहुंचेंगे सीएम योगी

.देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में ही रात्रि विश्राम करेंगे सीएम

## तेज रफ्तार का कहर: बस ने छात्रा को रौंदा, मौके पर हुई दर्दनाक मौत, ड्राइवर फरार

**महराजगंज :** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है । तेज रफ्तार स्कूली बस ने साइकिल सवार छात्रा को सामने से रौंद दिया । जिसके चलते छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई । आरोपी ड्राइवर मौके से फरार है । स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।

महराजगंज जिले में तेज रफ्तार से आ रही स्कूल बस ने साइकिल सवार छात्रा को रौंद दिया । जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । मृतक छात्रा बीए में पढ़ती थी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए भेज दिया । जिसके बाद पुलिस कार्यवाई में जुट गई है । वहीं आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया है ।

आपको बता दें कि छात्रा की मौत खबर सुनकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है । दरअसल, स्थानीय लोगों के मुताबिक स्कूल बस में जरूरत से ज्यादा बच्चे सवार थे और ड्राइवर बस को तेज रफ्तार में चला रहा था ।

## इटावा में सहकारी समिति पर खाद को लेकर बवाल: किसानों के फटे मिले आधार कार्ड, जमकर किया हंगामा



**इटावा** जिले के उसराहार इलाके में बने ग्रामीण सहकारी समिति पर किसानों के आधार कार्ड फटे हुए पाए जाने के बाद किसानों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने सहकारी समिति पर आरोप लगाया कि उन्हें खाद नहीं दी जा रही।

**आधार कार्ड फटे पाए जाने पर किसानों का हंगामा**

बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के द्वारा किसानों को खाद को लेकर किसी भी तरीके की परेशानी ना होसके जिसको लेकर सहकारी समिति को आदेश दिए गए हैं कि किसानों को समय पर खाद मिल जानी चाहिए। लेकिन इन आदेशों का इटावा के उसराहार इलाके में पालन होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसा ही कुछ आज देखने को मिला है जब ग्रामीण सहकारी समिति केंद्र पर खाद लेने के लिए पहुंचे जहां पर उनके आधार कार्ड केंद्र के बाहर फटे हुए पाए गए। जिसके बाद उन्होंने जमकर हंगामा काटते हुए सहकारी समिति के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**खाद के नाम पर किया जा रहा परेशानः किसान**

सहकारी समिति पर पहुंचे किसानों के द्वारा जमकर हंगामा किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि हम लोगों को खाद देने के लिए सबसे पहले आधार कार्ड की फोटो कॉपी ली जाती है और उसके बाद बोला जाता है कि 24 घंटे बाद आपको खाद दी जाएगी। लेकिन जब 24 घंटे बाद खाद लेने के लिए पहुंचते हैं तो यह लोग हमारे आधार कार्ड को फाड़ कर फेंक देते हैं। इसके बाद हम लोगों को बार-बार सहकारी समिति का चक्कर लगाना पड़ता है। अगर हम लोगों को समय पर खाद नहीं मिलेगी तो हमारी फसलें पूरी तरीके से बर्बाद हो जाएंगी। हम चाहते हैं कि जो लोग लापरवाही करते हैं

## रक्षक बने भक्षक : बीफ के शक में पुलिस ने की तोड़फोड़, शादी समारोह में महिलाओं को पीटा

**रामपुर :** जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं तो निश्चित ही यह एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिती बन जाती है । दरअसल, रामपुर के एक गांव में शादी समारोह के दौरान बीफ बनाने के शक में पुलिस पर मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप लगा है । इतना ही नहीं पुलिस पर तीन लाख रुपये छीनने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने का भी आरोप लगा है ।

आपको बता दें कि रामपुर के धनुपुरा गांव में शादी समारोह के दौरान पुलिस पहुंच गई । वहां पुलिस ने ने बीफ के शक में जमकर तोड़फोड़ की । वहीं विरोध करने पर परिजनों की पिटाइ कर दी । पुलिस कर्मियों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने तीन लाख रुपये भी छीने हैं ।

गौरतलब है कि भोट थाना क्षेत्र के धनुपुरा गांव के मोहम्मद अहमद की बेटी की आज यानि मंगलवार को बरात आनी है । इसके लिए सोमवार को मेहमानों को खाना खिलाने का काम चल रहा था । इसी दौरान पुलिस वहां पहुंची और




परिजनों के साथ बर्बरता करने लगी । परिजनों ने बताया कि पुलिस को शक था कि खाने में बीफ का इस्तेमाल किया गया है ।

घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है । भोट थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने मामले को संज्ञान में लिया । साथ ही परिजनों को विश्वास दिलाया कि पुलिसकर्मियों पर जो आरोप लगे हैं उसकी जांच की जाएगी।

# उन्नाव सचिवालय में नौकरी के नाम पर प्रधान शिक्षक राजेश कुमार तिवारी से 30 लाख 50000 रुपए की ठगी की गई

**उन्नाव** राजेश कुमार तिवारी निवासी मोहल्ला बंधुहार सिविल लाइन उन्नाव का है जो कि 10 वर्षों से इसी पते पर रह रहा है प्रार्थी का पैतृक गांव माखी है प्रार्थी पेशे से प्राथमिक विद्यालय माखी में प्रधान शिक्षक के पद पर तैनात है प्रार्थी ने अखिलेश पांडे पुत्र राधेश्याम पांडे निवासी मोहल्ला सुंदई ग्राम माखी जिला उन्नाव से गांव के परिचय के नाते उसके पिता राधेश्याम पांडे के कहने पर उन्हीं के खाते में दिनांक 10/ 11/ 2020 को यूनियन बैंक आफ इंडिया में 425000 उधार स्वरूप व्यापार वृद्धि हेतु एक माह के वादे पर दिया था कुछ दिन बाद अखिलेश पांडे ने प्रार्थी के पास विद्यालय आया और बोला भाई जो सचिवालय में क्लर्क के पद पर कुछ भर्ती होने वाली है आपके





बेटे को लगवा सकता हूं सचिवालय में मेरी मजबूत पकड़ है जबकि प्रार्थी ने कहा कि मेरा बेटा अभी 11 वीं में है तो बोला हाई स्कूल पास से लेकर इंटर पास तक सभी पदों पर रिक्तियां आनी है तैयारी कर लो प्रार्थी के मना करने पर भी अखिलेश ने उनको बरगला दिया और धीरे-धीरे करके लगभग 3050000 अखिलेश पांडे व उसके पिता को दिए और प्रार्थी प्रतीक्षा करता रहा की कब बेटे को जोइनिंग लेटर मिलेगा जब धीरे-धीरे कई वर्ष बीत गए उसके बाद में राजेश कुमार तिवारी ने जो कि पीड़ित है उसने इन लोगों से पैसा मांगना शुरू किया तो इन्होंने कहा कि पैसा वैसा तो नहीं मिलेगा तुम्हें जो भी करना हो कर लो कहीं भी जाना जाओ मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता ऐसा कहकर उसने दुत्कार कर भगा दिया इसी सिलसिले में आज राजेश कुमार तिवारी ने पुलिस अधीक्षक महोदय के दरबार में पेश होकर शिकायती पत्र देकर आरोप लगाए हैं कि मेरा नौकरी के नाम पर लगभग 3050000 अखिलेश पांडे व उनके पिता ने लिया है जो कि मेरा रुपया वापस दिलाया जाए उपरोक्त ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त से सख्त करवाई की जाये

# तेलुगु फिल्म मटका में नजर आएंगी नोरा फतेही



**मुंबई**

जल्द ही एक्ट्रेस नोरा फतेही तेलुगु फिल्म मटका में नजर आएंगी। फिल्म में एक्ट्रेस नोरा एक्टर वरुण तेज के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखाई देंगी। शूटिंग के दौरान एक्ट्रेस चोटिल हो गई थीं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग जारी रखी ।

हाल ही में नोरा ने एक इंटरव्यू में बताया कि चोट के बावजूद उन्होंने काम क्यों नहीं रोका और इस फिल्म में काम करने के अनुभव के बारे में। नोरा ने बताया कि इस फिल्म में वह सोफिया का किरदार निभा रही हैं, जो एक कैबरे डांसर है। फिल्म में जब सोफिया वासु (वरुण तेज) की जिंदगी में एंट्री करती है, तो बहुत कुछ बदल जाता है। नोरा ने खुलासा किया कि इस फिल्म में सबसे ज्यादा मुश्किल तेलुगु में संवाद बोलने में आई। उन्होंने कहा, पहले दिन का शूट वरुण के साथ था और डायलॉग इतने लंबे थे कि मैं रातभर सो नहीं सकी। मुझे लग रहा था कि कैसे बोल पाऊंगी, लेकिन वरुण ने मुझे सेट पर बहुत सहज महसूस कराया। उन्होंने आगे कहा कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ी। फिल्म में उनके किरदार की एंट्री एक गाने से होती है, और उस गाने की शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। हालांकि, फिल्म की शूटिंग को पांच दिन में खत्म करना था, इसलिए उन्होंने दर्द की परवाह किए बिना शूटिंग पूरी की। इसके बाद, वह एक महीने तक किसी भी फिल्म की शूटिंग नहीं कर पाई। नोरा ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक अलग जर्नी रही है और मुझे इस पर गर्व है।नोरा ने अपनी शुरूआत के बारे में भी बात की और बताया कि बॉलीवुड में काम करने का ख्याल कभी उनके दिमाग में नहीं आया था।

नोरा ने अपनी मेहनत और संघर्ष के बारे में कहा, मैंने इंडस्ट्री में खुद को साबित करना था, और यही मेरी प्राथमिकता थी। पैसे कमाने के लिए तो और भी बहुत सारे काम हैं, लेकिन मुझे इंडस्ट्री में अपना स्थान बनाना था।उन्होंने कहा, मैंने हमेशा सोचा था कि सिर्फ भारतीय लड़कियां ही बॉलीवुड में एक्ट्रेस बन सकती हैं, लेकिन जब मैंने कैटरीना कैफ और जैकलीन फर्नांडिस को देखा, तो मुझे लगा कि मैं भी कर सकती हूं। इसके बाद, नोरा ने ऑडिशन देना शुरू किया और अपने करियर में छोटे-छोटे रोल्स के जरिए जगह बनाई।

# बॉक्स ऑफिस पर भूल भुलैया 3 मचा रही है धूम

**मुंबई**

हाल ही में हॉरर-कॉमेडी फिल्म ह्यभूल भुलैया 3ह्व बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म ने अब तक 300 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म में विद्या बालन और माधुरी दीक्षित ने क्रमशः मंजुलिका-मल्लिका और अंजुलिका-एसीपी राठौड़ की भूमिकाएं निभाई हैं।

फिल्म 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दिवाली के बाद भी इसकी कमाई का सिलसिला जारी है। इस सफलता के साथ यह फिल्म साल की सबसे बड़ी हिट्स में शामिल हो गई है। हाल ही में माधुरी दीक्षित ने फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले निर्देशक अनीस बज्मी से मुलाकात हुई थी, जहां उन्होंने ह्यभूल भुलैया 2ह्व की सराहना की थी। इसके बाद बज्मी ने उन्हें कहानी सुनाई। माधुरी ने कहा, जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, तो मुझे अपनी भूमिका बेहद पसंद आई। यह एक अनोखा अनुभव था क्योंकि मैंने पहले कभी हॉरर-कॉमेडी नहीं की थी। माधुरी ने फिल्म के अन्य कलाकारों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, इस फिल्म में विद्या, कार्तिक और कई बेहतरीन कलाकारों का साथ मिला। मैंने तुरंत इस प्रोजेक्ट को करने का फैसला




किया। माधुरी और विद्या की जोड़ी पहली बार एक साथ काम करती नजर आई। उन्होंने इसके पीछे के एक दिलचस्प कनेक्शन का भी जिक्र किया। विद्या ने 2010 में आई फिल्म ह्यइश्कियाह्व में मुख्य भूमिका निभाई थी, जबकि माधुरी ने इसके सीक्वल ह्यडेढ़ इश्कियाह्व (2014) में काम किया था। माधुरी ने कहा, शायद कहीं न कहीं यह संबंध था। विद्या के साथ काम करना बेहद शानदार रहा। वह न केवल एक बेहतरीन अदाकारा हैं, बल्कि एक शानदार इंसान भी हैं। हमने साथ काम करते हुए खूब आनंद लिया। ह्यभूल भुलैया 3ह्व को दर्शकों और समीक्षकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

# सोशल मीडिया पर अक्षय और टॉम क्रूज के स्टंट पर छिड़ी बहस



**मुंबई**

आजकल सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज के खतरनाक स्टंट्स को लेकर जोरदार बहस छिड़ी हुई है। जब से मिशनः इम्पॉसिबल 8 का ट्रेलर जारी हुआ, तब से यह विवाद शुरू हुआ है। फिल्म में टॉम क्रूज का किरदार एथन हंट एक प्लेन से लटकते हुए नजर आता है।

टॉम क्रूज का यह स्टंट अपने खतरनाक और रोमांचक एक्शन के लिए दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं, फैंस अक्षय कुमार से उम्मीद कर रहे हैं कि वह अपनी अगली फिल्म में ऐसा ही साहसी प्रदर्शन करें। इस दृश्य को देखकर अक्षय कुमार के फैंस ने इसे उनकी 2000 में आई फिल्म खिलाड़ी 420 के स्टंट से मेल खाता हुआ बताया। अक्षय ने खिलाड़ी 420 में बिना किसी बॉडी डबल के उड़ते हुए प्लेन से लटकने का साहसी स्टंट किया था। फैंस का कहना है कि यह स्टंट भारतीय सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर था। वहीं, टॉम क्रूज की मिशनः इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी अपने उच्च बजट और एडवांस्ड तकनीक वाले खतरनाक स्टंट्स के लिए मशहूर है। एक फैन ने सोशल मीडिया पर लिखा, अक्षय कुमार वह खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टॉम क्रूज से पहले ये स्टंट कर दिखाया। वह हमारे देश के असली एथन हंट हैं। जबकि दूसरे फैन ने कहा, टॉम क्रूज के पास बड़ा बजट हो सकता है, लेकिन अक्षय के पास हिम्मत और असली जुनून है।

इस बहस के बीच, अक्षय कुमार का पुराना बयान वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था, हॉलीवुड में स्टंट्स पर जितना खर्च होता है, वह हमारे 2-3 फिल्मों के बजट के बराबर होता है। लेकिन भारतीय कलाकारों में भी साहस और क्षमता की कमी नहीं है। मिशनः इम्पॉसिबल 8, जिसका नाम मिशनः इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग है, 23 मई, 2025 को रिलीज होगी।

# फ्रांस में शबाना को मिलेगा विशेष सम्मान

**मुंबई**



अभिनेत्री शबाना आजमी फेस्टिवल डेस 3 कॉन्टिनेंट्स के 46वें संस्करण में शामिल होने के लिए फ्रांस जा रही हैं। हिंदी सिनेमा में 50 वर्षों की शानदार यात्रा के लिए शबाना आजमी को विशेष सम्मान दिया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजन एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के सिनेमा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करता है।

इस अवसर पर उनकी बेहतरीन फिल्मों का एक रेट्रोस्पेक्टिव आयोजित किया जाएगा, जिसमें अंकुर, मंडी, मासूम और अर्थ जैसी कालजयी फिल्में शामिल होंगी। इन फिल्मों के जरिए उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता और समाज से जुड़ी कहानियों पर उनकी पकड़ को श्रद्धांजलि दी जाएगी। शबाना आजमी की फिल्मों को फ्रांस में पहले भी सराहा गया है। उनकी फिल्म गॉडमदर को इसी फेस्टिवल में ओपनिंग नाइट फीचर के रूप में प्रदर्शित किया गया था। इसके अलावा, उन्हें सेंटर पॉम्पिडो और सिनेमैथेक जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर भी सम्मानित किया जा चुका है। 2024 शबाना आजमी के करियर के 50 वर्षों का मील का पत्थर है। हाल ही में, मुंबई फिल्म फेस्टिवल (एमएएमआई) में भी उन्हें सिनेमा में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वह एकमात्र भारतीय अभिनेत्री हैं, जिन्होंने पाँच राष्ट्रीय फि ल्म पुरस्कार जीते हैं और उनके खाते में कई फि ल्मफेयर पुरस्कार भी हैं। शबाना आजमी ने केवल भारतीय सिनेमा में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी छाप छोड़ी है। उनकी हॉलीवुड फिल्में जैसे मैडम सौसत्जका, सिटी ऑफ जॉय, और सन ऑफ द पिंक पैंथर उनके ग्लोबल रेंज को दर्शाती हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री (1988) और पद्म भूषण (2012) जैसे उच्च नागरिक सम्मान मिल चुके हैं। सिनेमा के अलावा, शबाना आजमी सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। 1989 में उन्हें फ्रांस में मानवाधिकारों के लिए उनके प्रयासों को मान्यता देते हुए राष्ट्रपति फ्रांस्वा मिटरैंड द्वारा सम्मानित किया गया था। फेस्टिवल डेस 3 कॉन्टिनेंट्स जैसे आयोजन वैश्विक सिनेमा और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देते हैं।

## भारतीय टीम को हराने का है अच्छा अवसर : ब्रैंडन जूलियन

**मेलबोर्न**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ब्रैंडन जूलियन ने कहा है कि इस बार मेजबान टीम के पास बॉर्डर गावस्कार सीरीज में भारतीय टीम को हराने का अच्छा अवसर है। जूलियन के अनुसार भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली पिछले काफी समय से फार्म में नहीं हैं। इसके अलावा मध्यक्रम भी कमजोर है। जिसका लाभ हमारी टीम दबाव बनाकर उठा सकती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खराब प्रदर्शन से भी भारतीय टीम पर मनोवैज्ञानिक दबाव रहेगा। कोच गौतम गंभीर बाहर हालांकि अपने खिलाड़ियों का बचाव करते हुए उन्हें पिछली सीरीज से उबरकर बेहतर प्रदर्शन को प्रेरित करने का प्रयास करेंगे पर ये उनके लिए आसान नहीं रहेगा। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम उन्हें पर्थ में हरा देगी। हमने उनके खिलाफ पिचली चार सीरीज में से कोई भी सीरीज नहीं जीती है इसलिए इस बार हम हिसाब बराकर कर सकते हैं।

जूलियन ने साथ ही कहा कि भारतीय टीम बल्लेबाजी क्रम में संघर्ष कर रही है क्योंकि शुभमन गिल और केएल राहुल चोटिल हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हम उन्हें पहले टेस्ट मैच में 4 दिनों में हरा देंगे। आपको शुरू में ही उन पर दबाव बनाना होगा और आपको आक्रामक होना होगा। मुझे लगता है कि भारत के पास अनुभव है, उनके पास सबकुछ है पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद उनका मनोबल घटा है जिसका लाभ हमें मिलेगा। वे पर्थ में लगातार चौथा मैच हार सकते हैं, फिर वे गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेलने जाएंगे, जो पहले भी उनके लिए परेशानी का सबब था और फिर आप गाबा जाएंगे। इसलिए ये हमारे लिए भारत को हराने का आदर्श समय है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे बहुत दबाव के साथ मैदान में उतरेंगे।

## सहवाग से मतभेद के बाद पंजाब किंग्स से अलग हुए थे मैक्सवेल

**मुम्बई**

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए कई रिकॉर्ड बनाए हैं। मैक्सवेल पंजाब किंग्स के कप्तान भी रहे थे पर मेंटोर वीरन्द्र सहवाग से मतभेद के बाद उन्हें टीम छोड दी। वह 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब में शामिल हुए थे। उनकी टीम तब फाइनल में पहुंची थी पर वहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हार गयी गई। मैक्सवेल ने इस आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 552 रन बनाए थे। पंजाब के साथ अपने अपने सफर को याद करते हुए मैक्सवेल ने कहा कि हम उस समय अंतिम ओवर में हार गए थे। इस किकेटर ने कहा कि आपका सफर कितना भी अच्छा क्यों न हो पर ट्रॉफी के बिना सब बेकार है। साल 2014 के बाद पंजाब का प्रदर्शन गिर गया और वह अंक तालिका में आखिरी स्थानों पर रही। मैक्सवेल ने इसको लेकर कहा कि तब टीम के लिए कठिन समय था और एक युवा खिलाड़ी के रूप में उनके लिए इसे स्वीकार करना मुश्किल रहा था।

2017 में मैक्सवेल की एक बार फिर पंजाब टीम में वापसी हुई। तब सहवाग टीम मेंटर बन गये थे। वहीं मैक्सवेल को कप्तानी मिली। मैक्सवेल ने कहा कि टीम बनते ही स्पष्ट हो गया था कि इसपर सहवाग का प्रभाव है।

# विराट की जगह नंबर तीन के लिए बेहतर विकल्प बनकर उभरे हैं तिलक

**मुम्बई**



युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने जिस प्रकार से दक्षिण अफ्रीका में हुई टी20 सीरीज में नंबर तीन पर उतरते हुए शानदार बल्लेबाज की है। उससे वह आने वाले समय में नंबर तीन पर उतरने के लिए विराट कोहली के सबसे अधिक विकल्प बनकर उभरे हैं। दक्षिण अफ्रीका सीरीज में तिलक ने दिखाया है कि वह लंबी परियां खेलने के साथ ही एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने लगातार दो मैचों में दो शतक लगाये। तिलक ने सबसे पहले घरेलू किकेट और आईपीएल में चमक बिखेरी थी। उसके बाद से ही वह अवसर मिलने पर अंतरराष्ट्रीय मंच में भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। तिलका का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा है। करियर के शुरूआती दौर में खराब आर्थिक स्थिति के कारण तिलक को काफी परेशानियों का सामना किया है पर उन्होंने कभी हार नहीं मानी। तिलक के पास शुरूआती दौर में बेहतर सुविधा नहीं थी लेकिन उनकी बल्लेबाजी काफी अच्छी थी। इसके बाद भी पिता ने तिलक का पूरा साथ दिया।

वर्मा को बचपन के कोच ने टेनिस बॉल किकेट खेलते हुए देखा था, और फिर उन्हें अपने संरक्षण में ले लिया। उन्होंने आईपीएल 2022 में डेब्यू किया था। 2020-21 के विजय हजारे ट्रॉफी में दो शतक बना कर लोगों का ध्यान खींचा। मुंबई इंडियंस ने 2022 की नीलामी में तिलक को एक मोटी रकम देकर अपने साथ जोड़ा। उस समय उनका बेस प्राइस 20 लाख था और वे एक अनकैप्ड खिलाड़ी थे। तब से लेकर तिलक लगातार मुंबई इंडियंस की ओर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

तिलक ने शानदार आईपीएल सत्र खेला और इसके तुरंत बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए उन्हें पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया। वह मध्यक्रम में भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अपने उपयोगी ऑफ ब्रेक के साथ-साथ बल्लेबाजी के दौरान गियर बदलने की उनकी क्षमता उन्हें इस भारतीय सेटअप में एक बेहतरीन खिलाड़ी बनाती है।

## विराट को जल्दी आउट करने की रणनीति बनायी बनायें : मैकग्रा

**मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा ने कहा है कि बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को जल्दी आउट करने की रणनीति बनायी जानी चाहिये। मैकग्रा ने कहा कि विराट पर भारतीय बल्लेबाजी काफी ज्यादा आधारित रहती है इसलिए अगर वह पेवेलियन लौट गये तो टीम दबाव में आ जाएगी। मैकग्रा ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के पास इतनी क्षमता है कि वह विराट को निशाना बना सके। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत 22 नवंबर से पर्थ में होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली चार टेस्ट श्रृंखला जीती हैं जिनमें से दो ऑस्ट्रेलिया में खेली गई हैं। टीम इंडिया को हाल में ही में अपनी घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से करारी हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह दबाव में है।

मैकग्रा ने कहा, ह्यह्यइसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की हार के बाद, आपके पास खुद को साबित करने के लिए बहुत क्षमता है।ह्वह्व उन्होंने कहा, ह्यह्यइसलिए उन पर दबाव डालें और देखें कि वे इसके लिए तैयार हैं या नहीं।ह्वह्व उन्होंने कहा कि भारत की बल्लेबाजी के मुख्य आधार रहे कोहली पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जिसका लाभ भी टीम को उठाना चाहिये। इस साल उन्होंने जो छह मैच खेले हैं उनमें उनका औसत मात्र 22.72 रहा है। चोटिल शुभमन गिल पहले टेस्ट से बाहर हैं और कप्तान रोहित शर्मा का



खेलना भी संदिग्ध है और ऐसे में कोहली बल्लेबाजी क्रम का नेतृत्व करने को लेकर पहले ही दबाव में रहेंगे।

कोहली ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के चार दौरों में 54.08 के प्रभावशाली औसत से रन बनाए हैं। मैकग्रा ने चेतावनी दी कि कोहली को आक्रामक तरीके से निशाना बनाने से वह जुनूनी हो सकते हैं इसलिए इस मामले में सावधानी रखें। मैकग्रा ने कहा, ह्यह्यमुझे लगता है कि वह थोड़ा दबाव में है और अगर वह शुरू में कुछ कम स्कोर करता है तो वह वास्तव में इसे महसूस करेगा। जिससे ऑस्ट्रेलिया का काम आसान हो जाएगा।

**विशेष सूचना**

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

**समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।**

**सारिका**
डेक्स एडिटर
7500992656
---
**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095
---------
**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325
-----
**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार